फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 62, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 30 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# गिरमिटिया मजदूर नहीं, उद्योगपति बनेंगे दक्षिणांचल के लोगः योगी

## डबल इंजन सरकार में बुलेट ट्रेन की रफ्तार से हो रहा है दक्षिणांचल का विकास : सीएम

**गोरखपुरः** दशकों तक पिछड़ेपन का दंश झेलने वाले गोरखपुर के दक्षिणांचल में शानदार रोड कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे, बायो फ्यूल प्लांट, इंडस्ट्रियल टाउनशिप जैसी परियोजनाएं विकास की नई चमक बिखेर रही हैं। सकारात्मक बदलाव में कदमताल कर रहे यहां के लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुखातिब हुए। उन्हें विकास प्रक्रिया में उनकी जिम्मेदारी समझाई, इससे जुड़ने को प्रेरित करते हुए कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप से जुड़कर दक्षिणांचल के लोग अब गिरमिटिया मजदूर नहीं बल्कि उद्योगपति बनेंगे। वे गोला तहसील के भरौली में बाबू आरएन सिंह डायलिसिस सेंटर के लोकार्पण व स्मृतिशेष आरएन सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भरौली के रामसखी रामनिवास शिक्षण संकुल परिसर में आयोजित समारोह में कहा कि गोरखपुर का दक्षिणांचल डबल इंजन सरकार में विकास के पथ पर बुलेट ट्रेन जैसी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यहां राम जानकी मार्ग का कायाकल्प हो रहा है। धुरियापार में बायोफ्यूल प्लांट की स्थापना की जा रही है। इससे यहां के लोगों को खरपतवार व गोबर का भी पैसा मिलेगा। दक्षिणांचल, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक एक्सप्रेस वे से जुड़ रहा है। लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में बंजर जमीन खरीद कर उद्योग लगाए जाएंगे। उद्योगों के अनुरूप युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। अब यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बेटियों को भी यहीं शिक्षा की व्यवस्था होगी।

**एक करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगारः** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनके जमीन पर उतरने से एक करोड़ युवाओं को



नौकरी व रोजगार मिलेगी। गोरखपुर के लिए भी कई प्रस्ताव हैं। बिना बाधा डाले निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने में सबकी सहभागिता होनी चाहिए।

**राष्ट्र मंदिर है अयोध्या में बन रहा राम मंदिरः** सीएम योगी ने कहा कि 500 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में बन रहा प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर राष्ट्र मंदिर जैसा है। फिर कोई हमारी आन- बान-सम्मान के खिलाफ कोई साहस न करने पाए, इसके लिए हमें एकजुट रहना होगा। श्रीराम जानकी मार्ग को लेकर दक्षिणांचल के लोगों में गर्व की भावना होनी चाहिए। इसी मार्ग से प्रभु श्रीराम माता जानकी को लेकर पहली बार जनकपुर से अयोध्या पहुंचे थे। सरकार इस मार्ग पर कार्य करते हुए अयोध्या को सीतामढ़ी तथा जनकपुर तक कनेक्ट कर रही है।

**सीएम ने की आरएन सिंह के योगदान की सराहनाः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में समारोह में अपने संबोधन से पहले महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं उत्तर भारतीय संघ मुंबई के पूर्व अध्यक्ष बाबू आरएन सिंह की प्रतिमा का अनावरण तथा उनकी स्मृति में बने अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर का लोकार्पण किया। वह स्व. सिंह की समाधि स्थल पर भी गए और पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज नवरात्र की महाअष्टमी की पावन तिथि है। कल मां सिद्धिदात्री की नवमी तिथि के साथ प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का पर्व श्रीरामनवमी भी है। सफलता प्राप्त होना ही सिद्धि है।

## वायनाड में उपचुनाव पर चुनाव आयोग ने कहा- 6 महीने का वक्त है, इंतजार करेंगे

# कर्नाटक में 10 मई को चुनाव, 13 को नतीजा






**नई दिल्लीः** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव 10 मई को होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि वोटिंग एक चरण में कराई जाएगी। कर्नाटक में 5.21 करोड़ मतदाता हैं, जो 224 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि जो लोग 1 अप्रैल को 18 साल के होंगे, वो भी वोट डाल सकेंगे। इसके लिए हमने एडवांस एप्लिकेशन मंगवा ली है। राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार का कार्यकाल 24 मई को खत्म हो रहा है। इस बार मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और खऊ्र के बीच रहेगा। पिछली बार खऊ्र-कांग्रेस साथ थी, लेकिन इस बार खऊ्र अलग चुनाव लड़ेगी।

**वायनाड और राहुल गांधी पर चुनाव आयोग बोला- अभी इंतजार करेंगेः** चुनाव आयोग ने 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर उप-चुनाव का ऐलान भी किया है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई वायनाड सीट पर चुनाव की घोषणा नहीं की गई है। इस पर सवाल पूछा गया तो राजीव कुमार ने कहा- खाली सीट पर चुनाव कराने के लिए 6 महीने का वक्त होता है। ट्रायल कोर्ट ने राहुल गांधी को 30 दिन का वक्त दिया है ताकि वो ऊपरी अदालत में अपील दायर कर सकें। इसलिए अभी हम इंतजार करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे की भी हम समीक्षा कर रहे हैं।

**5 साल में 3 सीएम, पहले जेडीएस-कांग्रेस, फिर भाजपा की सरकारः** कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटें हैं। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 104, कांग्रेस को 78 और जेडीएस ने 37 सीटें जीती थीं। किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। येदियुरप्पा ने 17 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और सदन में बहुमत साबित नहीं करने के कारण 23 मई को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कांग्रेस-जेडीएस की गठबंधन सरकार बनी।

14 महीने बाद कर्नाटक की सियासत ने फिर करवट ली। कांग्रेस और जेडीएस के कुछ विधायकों की बगावत के बाद कुमारस्वामी को कुर्सी छोड़नी पड़ी। इन बागियों को येदियुरप्पा ने भाजपा में मिलाया और 26 जुलाई 2019 को 219 विधायकों के समर्थन के साथ उट बीएस येदियुरप्पा बने, लेकिन 2 साल बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बसवराज बोम्मई को यहां का मुख्यमंत्री बना दिया गया।

## 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होंगे

**पंजाब** और यूपी समेत 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर भी 10 मई को उपचुनाव होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। पंजाब की जालंधर, ओडिशा की झारसुगुड़ा, उत्तर प्रदेश की छानबे और स्वार, मेघालय की सोहियोंग सीट पर उप-चुनाव होंगे। उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने कहा, '2023 का चुनाव मेरा आखिरी चुनाव होगा। इसके बाद मैं चुनावी प्रक्रिया से दूर रहूंगा।' उन्होंने कहा कि वह वरुणा सीट के अलावा, कोलार सीट से भी चुनाव लड़ेंगे।

# एनएसए की बैठक में जमकर गरजे डोभाल

## पाकिस्तान-चीन के एनएसए के सामने उठाया आतंकवाद-सैनिकों की घुसपैठ का मामला

**नई दिल्लीः** शंघाई सहयोग संगठन की बैठक दिल्ली में आयोजित हो रही है। आज शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक हो रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए कई देशों के एनएसए भारत आए हुए हैं। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल हुए हैं। बैठक के दौरान अपने संबोधन में अजीत डोवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा और उसमें चाबहार बंदरगाह को



शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत जून 2017 में शंघाई सहयोग संगठन का सदस्य बना था लेकिन इसके सदस्यों देशों से हमारे संबंध कई सदी पुराने हैं। बता दें कि उत्तर दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भारत से रूस के बीच का कॉरिडोर है, जो ईरान से होकर गुजरता है। इस कॉरिडोर का उद्देश्य भारत और रूस के बीच ट्रांसपोर्ट की लागत को कम करना और समय की अवधि को भी कम करना है।

## फैजल की लक्षद्वीप से सांसदी फिर बहाल

**नई दिल्लीः** लोकसभा ने लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता बहाल कर दी है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से ठीक पहले आया। फैजल ने अपनी सदस्यता की बहाली को लेकर 27 मार्च को सुप्रीम कोर्ट मे याचिका लगाई थी। लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि केरल हाईकोर्ट ने 25 जनवरी को मो. फैजल की सजा पर रोक लगा दी थी, इसलिए लोकसभा उनकी अयोग्यता के फैसले को रद्द करती है और उनकी सदस्यता दोबारा बहाल करती है। यह फैसला तब आया है।

# हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट ने वाजपेयी-नेहरू की मिसाल दी



**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट ने हेट स्पीच को लेकर नेताओं को नसीहत दी है। कोर्ट ने बुधवार को हेट स्पीच देने वालों को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी की मिसाल दी। कोर्ट ने कहा- वाजपेयी और नेहरू को याद कीजिए, जिन्हें सुनने के लिए लोग दूर-दराज से इकट्ठा होते थे। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने कहा- दूसरों को बदनाम करने के लिए हर रोज टीवी और सार्वजनिक मंचों पर भाषण दिए जा रहे हैं। ऐसे लोग खुद को कंट्रोल नहीं कर सकते। जिस दिन राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे। नेता राजनीति में धर्म का उपयोग करना बंद कर देंगे, उसी दिन नफरत फैलाने वाले भाषण भी बंद हो जाएंगे।

**हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफलः** शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट राज्यों को कई बार हेट स्पीच पर लगाम लगाने के आदेश दे चुका है। इसके बावजूद हिंदू संगठनों की हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफल रही है।

याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील निजामुद्दीन पाशा ने कोर्ट में कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को एक हिंदू संगठन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# कूनो में चीता ने 4 शावकों को जन्म दिया

**श्योपुरः** भारत में पांच दशक बाद पहली बार चीते का जन्म हुआ है। कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई फीमेल चीता सियाया ने बुधवार को 4 शावकों को जन्म दिया। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। सियाया के प्रेग्नेंट होने की जानकारी 20 दिन पहले कूनो नेशनल पार्क के मैनेजमेंट को मिली थी। तभी से उसे स्पेशल ट्रीटमेंट दिया जा रहा था। दो दिन पहले फीमेल चीता साशा की मौत हो गई थी। पिछले साल 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नामीबिया से लाए गए 8 चीतों



को कूनो में छोड़ा था, जिन्हें 50 दिन छोटे बाड़ों में क्वारैंटाइन रखने के बाद बड़े बाड़े में शिफ्ट कर दिया गया। करीब दो महीने पहले तीन फीमेल और दो मेल चीतों को एक बाडे. में छोड़ा गया था। इसी साल 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों की दूसरी खेप कूनो लाई गई थी।

## हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, कहा- जांच अधिकारी को लीगल जानकारी नहीं; सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी

# जयपुर बम ब्लास्ट मामले में सभी आरोपी बरी

**जयपुरः** जयपुर में 13 मई 2008 को हुए सीरियल बम ब्लास्ट मामले में बुधवार को हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। जस्टिस पंकज भंडारी और समीर जैन की खंडपीठ ने 4 दोषियों को आज बरी कर दिया। हाईकोर्ट में चारों आरोपियों ने 28 अपील पेश की थी। इन अपीलों में फांसी की सजा को खत्म करने की अपील भी थी। 48 दिनों से इस पूरे केस पर सुनवाई चल रही थी। इधर, इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। जयपुर ब्लास्ट में 71 लोगों की जान चली गई थी,




जबकि 185 घायल हुए थे। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि जांच अधिकारी को लीगल जानकारी नहीं है। जिला कोर्ट ने मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान, सरवर आजमी और मोहम्मद सलमान को हत्या, राजद्रोह और विस्फोटक अधिनियम के तहत दोषी पाया था, जिन्हे बरी कर दिया है।

आरोपियों के वकील सैयद सदत अली ने बताया कि हाईकोर्ट ने एटीएस की पूरी थ्योरी को गलत बताया है, इसी कारण आरोपियों को बरी किया है। वहीं, एडिशनल एडवोकेट जनरल राजेश महर्षि ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। इसकी तैयारी कर रहे हैं।

एटीएस को 13 सितंबर 2008 को पहला डिस्क्लोजर स्टेटमेंट मिला, लेकिन जयपुर ब्लास्ट 13 मई 2008 को हो गया था।

## रिजिजू ने कहा था- कुछ रिटायर्ड जज एंटी इंडिया ग्रुप का हिस्सा बन गए

# 350 वकील बोले-कानून मंत्री को धौंस जमाना शोभा नहीं देता

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट और हाईकोर्ट के 350 से ज्यादा वकीलों ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू के विवादित बयान की निंदा की है। रिजिजू ने रिटायर्ड जजों को लेकर एक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ रिटायर जज एंटी इंडिया ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं। रिजिजू के इस बयान पर वकीलों के ग्रुप ने एक स्टेटमेंट जारी किया है। उन्होंने कहा कि एक मंत्री को धौंस जमाना और धमकाना शोभा नहीं देता। सरकार की आलोचना करना न तो राष्ट्र के खिलाफ होता है और न ही देशद्रोही गतिविधि है।

**अगर किसी बात पर सहमति न बने तो सरकार को बर्दाश्त नहींः** वकीलों का कहना




है कि रिटायर्ड जजों को धमकी देकर कानून मंत्री लोगों को मैसेज दे रहे हैं कि विरोध के किसी भी स्वर को बख्शा नहीं जाएगा। वकीलों ने जोर देकर कहा कि सरकार के आलोचक हर तरह से उतने ही देशभक्त हैं, जितने सरकार में पदस्थ लोग हैं। केंद्र सरकार चाहती है कि जजों कि नियुक्ति में उसका भी हस्तक्षेप हो, लेकिन कॉलेजियम में ऐसा कोई नियम ही नहीं है।

**रिजिजू बोले- कुछ लोग देश की छवि खराब कर रहेः** रिजिजू ने कहा था कि कुछ दिन पहले जजों की जवाबदेही पर एक संगोष्ठी हुई थी, लेकिन चर्चा किसी और मुद्दे पर ही हुई। उसमें इस बात पर चर्चा की गई कि कैसे कार्यपालिका न्यायपालिका को प्रभावित कर रही है। कई रिटायर्ड जज देश विरोधी गैंग का हिस्सा बन गए हैं। कुछ लोग न्यायपालिका को सरकार के खिलाफ करना चाहते हैं।

# पहली बार रेलवे चलाएगी पर्यटक ट्रेन

## अमृतसर से नांदेड़, बीदर और पटना साहिब जाएगी; 9 अप्रैल को रवाना होगी 'गुरु कृपा

**फिरोजपुरः सिख** धर्म के दो महत्वपूर्ण तख्त, सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ और श्री हरमंदिर साहिब, पटना को जोड़ती हुई पहली बार पर्यटक ट्रेन चलाई जा रही है। बीदर का पवित्र श्री गुरु नानक झीरा साहिब गुरुद्वारा भी यात्रा में शामिल होगा। 9 अप्रैल को भारत गौरव पर्यटन ट्रेन अमृतसर रेलवे स्टेशन से 7 दिनों की 'गुरु कृपा यात्रा' पर रवाना होगी।

**यह होंगी सुविधाएंः** भारत गौरव ट्रेन में स्लीपर श्रेणी के कुल 9




कोच व थर्ड एसी और सेकेंड एसी के एक-एक कोच में 600 यात्री यात्रा कर सकेंगे। इस पर्यटक ट्रेन में पैन्ट्री कोच की सुविधा होगी। जिससे पर्यटकों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। साथ ही इन्फोटेन्मेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा युक्त, सिक्योरिटी व्यवस्था। टूर के बुकिंग प्रक्रिया को सुगमता हेतु डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आसान किश्तों में भुगतान किया जा सकता है।

### खबर संक्षेप

## गांजा के साथ एक युवक किया गया गिरफ्तार

**मेजा रोड।** मेजा कोतवाली पुलिस को आज अच्छी सफलता हाथ लगी उसने अपराधियो की तलाश के दौरान मादक पदार्थ गाँजा के साथ एक शातिर युवक को दबोचा। उक्त कार्यवाही- पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में डीसीपी यमुनानगर संतोष कुमार मीणा व एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व में थाना जेवनिया चौकी पुलिस टीम क्षेत्र में सुरक्षा एवं अपराधियो की तलाश में लगी हुई थी तभी मुखबिर से चौकी क्षेत्रान्तर्गत मदरा घाट पीपा पुल के पास अवैध गाँजा के साथ एक शातिर युवक की होने की खास सूचना हुई बिना समय लिए जेवनिया चौकी इंचार्ज अपने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे और घेराबन्दी के गाँजा के साथ युवक को दबोच लिया पूछताछ में युवक की पहचान इन्दल सिंह पुत्र उदयचन्द्र सिंह उर्फ मेघई सिंह निवासी ग्राम परवा थाना मेजा जनपद प्रयागराज के रूप में हुई। वही पुलिस तलासी में उसके कब्जे से पुलिस को 03 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा मिला जिसके बाद पुलिस ने थाना मेजा में मु0अ0सं0125/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट मुकदमा पंजीकृत कर आगे की नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही को पूरा किया। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी जेवनिया प्रदीप अस्थाना उप निरीक्षक दिनेश पाण्डेय, हेड कांस्टेबल पुनीत शुक्ला, व इसरार अहमद आदि शामिल रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसा में ब्लाक स्तरीय बृहद स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसा पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडे के कुशल दिशा निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय बृहद स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का संपूर्ण रूपरेखा अधीक्षक डॉ नीरज सिंह पटेल ने बनाकर कुशल क्रियान्वयन कराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ रीता बहुगुणा जोशी सांसद प्रयागराज रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का सर्वप्रथम स्वागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडे ने माल्यार्पण कर किया एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्येंन राय द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अधीक्षक डॉ नीरज सिंह पटेल द्वारा मुख्य अतिथि महोदया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया गया। आगे कार्यक्रम में माननीया सांसद द्वारा बच्चों मंगलम,जयश्री ,ओम ,शनि ,नितिन, रिशु का अन्नप्राशन कार्यक्रम किया गया ,इसके बाद माननीया द्वारा धात्री महिलाओं संगीता यादव ,खुशबू यादव, प्रियंका देवी ,पूनम देवी का गोद भराई कार्यक्रम किया गया इसके पश्चात कुपोषित से पोषित बच्चों का हेल्दी बेबी शो कार्यक्रम हुआ । जिसमें माननीया द्वारा 3 बच्चों को सबसे हेल्दी बेबी का पुरस्कार दिया गया जिसमें हेल्दी बेबी शो के प्रथम विजेता बच्चा को 5000 रुपए का प्रोत्साहन राशि एवं मां को एक साड़ी, द्वितीय विजेता बच्चा को 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि एवं मां को एक साड़ी एवं तृतीय विजेता बच्चा को दो हजार प्रशासन राशि एवं मां को एक साड़ी पुरस्कार स्वरूप दिया गया। माननीया द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी लाभार्थियों को वितरित किया गया। पूरे ब्लॉक में कक्षा 8 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आँशि शुक्ला, प्रतिभा निषाद ,सोनम मिश्रा को प्रशस्ति पत्र एवं 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दुष्यंत सिंह, सर्जन डॉक्टर जीके तिवारी एवं डॉक्टर एनके गुप्ता, डॉक्टर आदित पांडे एवं दंत चिकित्सक डॉक्टर पूजा कुशवाहा द्वारा मेले में लाभार्थियों को परामर्श एवं चिकित्सा लाभ दिया गया। कार्यक्रम में तमन्ना इंस्टिट्यूट का सराहनीय योगदान रहा। मेले में छय रोग परामर्श अंकित पांडे द्वारा दिया गया मेले में कुष्ठ परामर्श काउंटर, परिवार नियोजन काउंटर, एचआईवी बचाव परामर्श काउंटर, संचारी रोग निदान परामर्श काउंटर पर उमेश चंद एवं अतुल निषाद द्वारा अपनी सेवाएं दी गई ,आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए काउंटर लगा था आईसीडीएस विभाग की तरफ से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सरस्वती एवं सुमित्रा एवं बड़े बाबू अमित जी का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष कुमार द्विवेदी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम में समाजसेवी पुतुल मिश्रा एवं संतोष पटेल का सराहनीय योगदान रहा एवं कार्यक्रम में सभी का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ने किया कार्यक्रम में प्रधा चौधरी मनीष कुमार रेखा सिन्हा शुभम पांडे विनोद सिंह अजय मिश्रा मनोज मुकेश पांडे सत्यभान सिंह अनुपम पटेल आदि ने अहम योगदान दिया।

### न्यूज झरोखा

## नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर सामूहिक कन्याओं का हुआ पूजन

### प्राचीन कालिकन धाम बड़ोखर में वीएचपी एवं बजरंग दल के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**रत्योरा।** अति प्राचीन कालिकन धाम बड़ोखर पर नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन सामूहिक कन्या पूजन का आयोजन विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा किया गया। कन्या पूजन कार्यक्रम में हिंदू समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक कन्या पूजन कर समाज को समरसता का संदेश दिया। भारी संख्या में एकत्रित महिलाओं के द्वारा जहां माता अष्टभुजा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई, वहीं सामूहिक कन्या पूजन के बाद कन्याओं को फल एवं प्रसाद का वितरण किया। कन्या पूजन कार्यक्रम में मात्र शक्तियों की अग्रणी भूमिका रही। बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपस्थित क्षेत्रीय माताओं एवं बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कन्या पूजन के बाद सभी लोगों ने यह नारा दिया कि कोई नहीं है दलित अछूत हम सब भारत मां के पूत की विचारधारा को आत्मसात भी किया। कन्या पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शुभम, आशीष, अनिल मिश्र, जतिन, पवन, अशोक, रोहित, बलदाऊ, प्रमोद, अमित, दीपक, पंकज, अंजनी, राजू, सत्यम, आकाश, दिलीप, योगेंद्र समेत भारी संख्या में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग जलकर हुई राख



**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत जंघई ग्राम सभा दशमी बाग के समीप राधेश्याम सरोज की खड़ी गेहूं की फसल बुधवार को दोपहर में जलकर राख हो गई। राधेश्याम सरोज के पुत्र सुभाष चंद्र के मुताबिक दोपहर में करीब एक बजे ग्रामीणों ने सूचना दिया कि आपके गेहूं के खेत में आग लग गई है परिजन दौड़ कर पहुंचे तो फसल जल रही थी ग्रामीणों ने प्रयास करके आग बुझाई लेकिन तब तक करीब दो बीघा खड़ी फसल जल चुकी थी। सुभाष ने बताया कि पहले भी हमारे गेहूं की फसल में किसी ने आग लगा दिया था और आज भी लगा दिया। रंजिश के कारण हमारी फसल को जलाया जा रहा है अतिशीघ्र कानूनी कार्रवाई हेतु प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करूंगा। सूचना पर डायल 100 पहुंची, प्रधान एवं लेखपाल ने नुकसान की भरपाई के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों एवं किसानों में मायूसी एवं कष्ट दिखाई पड़ा अपनी आंखों के सामने अपनी लागत, परिश्रम बर्बाद होता देखकर, क्योंकि कुछ दिनों बाद फसल की कटाई होने वाली थी कि अचानक जलकर राख हो गई।

## सहकारी संघ लेड़ियारी कोरांव के सभी संचालक निर्विरोध, 31 को होगा अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव



**लेडियारी।** विकास खंड कोरांव के सहकारी संघ लेड़ियारी के सभी संचालकों को निर्वाचन अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा कर दिया। बताते चले कि सहकारी संघ लेड़ियारी कोरांव विकास खंड का इकलौता है उक्त संघ से तीन समिति पवांरी, लेड़ियारी, पूरा दतू सम्बद्ध है गत शनिवार को संचालक के लिए नामांकन दाखिल किया गया थो बुधवार को निर्वाचन अधिकारी कमल कुमार ने जांचोपरान्त साधन सहकारी समिति पवांरी से कोरांव प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ल तथा लेड़ियारी सहकारी समिति से वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर द्विवेदी, सुरेश केशरी, पूरा दतू समिति से बन्दना द्विवेदी, मदन प्रताप सिंह, शिव कुमार को निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा कर दियो सहकारी संघ के संचालकों के निर्विरोध निर्वाचित होने पर लेड़ियारी सहकारी समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह व पवांरी साधन सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू ने बधाई दी है। निर्वाचन अधिकारी कमल कुमार ने बताया कि 31 मार्च को अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव इन्ही संचालकों के द्वारा किया जाएगा।

## जालसाजी करके एक जमीन को तीन लोगों के हाथ बेचने वाले दो वांछित गिरफ्तार भेजे गए जेल




**मऊआइमा।** एक जमीन के अभिलेखों में जालसाजी कर- के तीन लोगों के हाथ बेचने के नामजद दो वांछित सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कजियाना कलां निवासी आमिर महमूद, शाहिद महमूद, तारिक महमूद पुत्रगण स्वर्गीय अब्दुल माबूद सहित तेरह लोगों के खिलाफ मोहम्मद उमर, मोहम्मद रईस, रिजवान आदि ने मऊआइमा थाने में चार अक्टूबर 2022 को जालसाजी, फ्राड आदि का मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस ने आमिर महमूद को पांच अक्टूबर 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शेष फरार वांछितों में शाहिद महमूद, तारिक महमूद को मऊआइमा पुलिस ने घर पर दबिश डाल कर गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। और शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# नहर कालोनी देवरी में गुणवत्ता विहीन बनाई जा रही बाउंड्री लोगों में भारी आक्रोश





अखण्ड भारत संदेश

### शिकायत के बावजूद निर्माण में नहीं हो रहा सुधार

**लेडियारी, प्रयागराज।** विकास खंड कोरांव के देवरी ग्राम पंचायत में सिंचाई बिभाग की कालोनी का भवन कई वर्ष पहले बनाई गई थी जिसका छत काफी जर्जर हो गया था । मानक के अनुरूप कार्य न कराकर सिंचाई बिभाग द्वारा स्वीकृत धन का दुरुपयोग किया जा रहा है`भवनों के निर्माण में सीमेन्ट, सरिया सही से नहीं लगाया जा रहा है इतना ही नहीं देवरी गांव के समीप स्थित बेलन नदी की बालू मिट्टी युक्त से जुड़ाई का कार्य कराया जा रहा है। सिंचाई बिभाग की कार्यदायी संस्था मनमानी पर आमादा होकर गुणवत्ता तथा मानक विहीन काम करा रही है। मानक के अनुसार सामग्री का इस्तेमाल न किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामवासियों का कहना है कि लगभग बीस वर्षों से सिंचाई बिभाग की कालोनी की छत गिरकर ध्वस्त हो चुकी थी तमाम प्रयासों के बाद सरकार के निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वारा उक्त कालोनी के कमरों तथा चहारदीवारी को बनाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाथ लगाते ही बालू सीमेंट गिरने लगता है` इससे मालूम होता है कि ठीकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया कार्य कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। लक्ष्मी कान्त मोर्या जेई का कहना है कि जांच की जाएगी`नम्बर वन की बालू एवं मटेरियल लगाने का निर्देश दिया गया है। यदि ठीकेदार द्वारा मनमाने तरीके बेलन नदी की मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया गया होगा और कराया जा रहा होगा तो भुगतान नही किया जाएगा।

# विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ मौत, मायके वालों ने किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश



दर्ज हुई दहेज हत्या की रिपोर्ट

**नैनी।** इंडस्ट्रियल एरिया के नेवादा समोगर इलाके में एक विवाहिता ने पति से विवाद के बाद नशीला पदार्थ निगल लिया। उसे आनन-फानन में स्थानीय हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मायके वालों ने पति समेंत पूरे ससुरालियों पर दहेद हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चक पूरे खुर्द मियां का पूरा गांव निवासी परदेसी लाल प्रजापति ने अपनी बेटी मालती प्रजापति (25) की शादी 4 साल पहले क्षेत्र के समोगर नेवादा गांव निवासी लवकुश प्रजापति के साथ बड़े धूमधाम से की थी। लवकुश प्रजापति अपना काम धंधा करता है। उन दोनों के दो बच्चे हैं। बेटा बड़ा है। जिसकी उम्र ढाई साल और बेटी छोटी है। जिसकी उम्र महज 9 महीने की है। उसके भाई अजय प्रजापति ने बताया कि शादी के बाद से ही उसका बहनोई लवकुश उसकी बहन मालती को प्रताड़ित करता था। उसे मारता पीटता था। मंगलवार की शाम को मालती और लवकुश के बीच विवाद हुआ था। जिसमें लवकुश ने मालती की पिटाई कर दी थी। जिससे नाराज मालती प्रजापति ने गेहूं चावल में रखने वाली जहरीली दवा की टिकिया खा ली। हालत बिगड़ी तो परिवार वालों को पता चला। उसे रातों-रात इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मालती प्रजापति की 29 मार्च की दोपहर में मौत हो गई। विवाहिता के पिता ने ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# मऊआइमा में धूम धाम से मनाया गयी सम्राट अशोक महान की जयंती



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सराय केशव उर्फ बागी में सम्राट अशोक महान की 563 वीं जयंती बडी धूमधाम से मनाया गया। मऊआइमा विकास खंड के ग्राम सराय केशव उर्फ बागी में अवध लाल मौर्या के आवास पर सम्राट अशोक महान की जयंती बडी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आए हुए आगंतुकों ने अशोक महान की जीवन पर प्रकाश डाले तथा उनके बताए हुए मार्ग दर्शन कर चलने की अपील की गई।इस 9 पर अध्यक्ष अवध लाल मौर्या, विशिष्ट अतिथि गुरु प्रसाद मौर्य विधायक फाफामऊ, मुख्य अतिथि डा आरके वर्मा विधायक रानीगंज,प्रदेश महासचिव भारतीय बौद्ध संघ हरीश मौर्य, अंकेश पटेल जिलापंचायत सदस्य, संचालक राजेश जायसवाल, संयोजक चंदू मौर्य विवेक मौर्य जगन्नाथ,खुशीराम दिवाकर, बच्चा भगत,जगत लाल यादव, धर्म राज पटेल, श्याम मूर्ति मौर्य आदि बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गौरीशंकर नादान के निधन से कलाकारों में शोक

**करछना।** क्षेत्र के कुलमई गांव निवासी आकाशवाणी दूरदर्शन के लोक कलाकार गौरीशंकर नादान के निधन से कलाकारों में गहरा शोक व्याप्त है। बुधवार को रामपुर के लोकमंगल संस्थान में हुई शोकसभा के दौरान जुटे कलाकारों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपने साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ लोक गायक श्यामलाल बेगाना ने कहा कि अपनी पारंपरिक और माटी के गीतों को बदलते चकाचौंध के बीच भी गौरीशंकर नादान ने मंच पर जीवंत करते रहे। ऐसे साथी के असमय चले जाने से जमुनापार लोक कलाकार जगत में एक बड़ी क्षति है। संस्थान के निदेशक और जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि समय-समय पर संस्थान और महोत्सव जैसे आयोजनों में गौरी शंकर की बेहतरीन प्रस्तुतियों कि हम सब साक्षी रहे हैं।ऐसे बेहतरीन कलाकार का असमय निधन बहुत दुखद है। लोगों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर कवि राजेंद्र शुक्ला,रामलोचन सांवरिया, वीरेंद्र कुसुमाकर, जीतेंद्र जलज, अशोक बेशरम लोक कलाकार रामबाबू यादव, मोहिनी श्रीवास्तव, कुंवर सिंह, नींबू लाल यादव, पंचम लाल यादव, सभा यादव, इंद्रजीत यादव, फूलचंद, रणजीत सिंह, मोनू मस्ताना, राम सुचित गोलू,सत्यवान सत्यार्थी सहित कई कवि और लोक कलाकार मौजूद रहे।

# पौराणिक आस्था एवं लोक मान्यता का न्याय स्थल मां आदि शक्ति धाम पसना का न्याय चबूतरा

अखंड भारत संदेश



**पसना।** विंध्य पर्वतमाला के बीच कोरांव तहसील अंतर्गत पसना गांव मेजा कोरांव राजमार्ग पर स्थित है। इसी गांव के बीचो बीच मुख्य बस्ती में पत्थर का एक पुराना चबूतरा है जिसकी ख्याति न्याय चबूतरा के नाम से पूरे यमुनापार क्षेत्र में फैली है। चबूतरे के दक्षिणी सिरे पर पत्थर की बड़ी शिला में मां आदिशक्ति देवी की परिकल्पना विश्वसनीय है। पौराणिक मान्यता है कि इस चबूतरे की शिला में मां आदिशक्ति का निवास है,जनश्रुतियों के अनुसार ब्रिटिश हुकूमत के दौरान मांडा एवम् विजयपुर स्टेट की संपत्ति बंटवारे का विवाद मां आदिशक्ति देवी की प्रेरणा से इसी चबूतरे पर हल हुआ था। सदियों पुराने इस न्याय चबूतरा को पसना के पथरा की देवी के रूप में आमजन में मान्यता है।आज भी इलाके के लोग किसी भी आपसी विवाद या घरेलू चोरियों के सिलसिले में हर रविवार व मंगलवार को न्याय चबूतरे पर बोलकर अपने को निर्दोष साबित करते हैं।लगभग दो दशक पूर्व तक इस चबूतरे पर ही रामलीला का मंचन होता था, बाद में चबूतरे के पुजारी रहे स्वर्गीय सूर्य लाल सिंह के निस्वार्थ अथक प्रयास से चबूतरे के दक्षिण भाग पर एक छोटे से मंदिर का निर्माण हुआ। वर्ष में दो बार नवरात्रि के दिनों में यहां भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है,नवरात्रि एवम् आम दिनों में प्रति सोमवार को जलाभिषेक के साथ नारियल धूप दीप नैवेद्य के साथ मां आदिशक्ति देवी की पूजा होती है। पूर्व में नवरात्रि के समय में मंदिर व्यवस्था का कार्य देखने वाले शहजादअली भी पूरे मनोयोग से चंदा वसूल कर मंदिर निर्माण में सहयोग करते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह अपने पारिवारिक विवाद के न्याय पूर्ण हल के कारण मां आदिशक्ति में आस्था रखते हुए यहां कई बार आ चुके थे।सुपर स्टार अमिताभ बच्चन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा,कांशीराम आदि भी इस न्याय पीठ का दर्शन कर चुके हैं। वर्तमान समय में सेवानिवृत कानूनगो रामलाल सिंह मंदिर व्यवस्था का कार्यभार संभाल रहे हैं।

# श्रीकृष्ण-रुकमणी विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं ने किया रसपान





अखंड भारत संदेश

### श्रीमद् भागवत कथा छठा दिन :

**जारी।** श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को पूज्य कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी भागवत भ्रमर ने लोटाढ़ गांव में कमलापति त्रिपाठी के निवास स्थान पर अपने मुखारविंद से श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की। व्यास जी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया।उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। श्री भागवत कथा में मुख्य रूप से कुं हिमांशु धर सिंह कुठीला, लालमणि पांडेय ,लक्ष्मीकांत शुक्ल, बबलू मिश्र त्यौंथर, शमशेर सिंह, अरूण सिंह ,बजरंग बहादुर सिंह, शोभा रंजीत गुप्ता प्रधान, नंदकुमार त्रिपाठी ,रामभद्र त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, नीरज मिश्र, फूलचंद्र मिश्र, लालबिहारी दुबे, आदि भक्ति भाव में झूम रहे थे। अनेकों भक्तगण और संपूर्ण ग्रामवासी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने के बाद हवन पूजन और भंडारा दिन शुक्रवार को रखा गया है। जिसमें सभी भक्तजनों से पधारने का आग्रह किया है।

## झूंसी में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग, सौंपा ज्ञापन

**झूंसी।** संगम के सबसे निकट होने के नाते झूंसी स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग उठी है। भाजपा नेता मोहित केशरवानी के नेतृत्व में लोगों ने महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को ज्ञापन सौंपा है। मोहित केसरवानी है बताया कि पूर्वांचल की बड़ी आबादी झूंसी क्षेत्र में रहती है। वही पूर्वांचल की ओर से संगम आने वाले श्रद्धालुओं को प्रयागराज रामबाग या प्रयागराज जंक्शन जाना पड़ता है अगर झूंसी में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होने लगेगा तो पूर्वांचल की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। लोगो ने खास कर बनारस नई दिल्ली, लक्ष्मी एक्सप्रेस, स्वतंत्रता सेनानी, चौरी चौरा एक्सप्रेस, विभूति, दानापुर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी है।

# सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा में कृष्ण जन्म उत्सव की कथा का श्रोताओं ने लिया आनंद

अखंड भारत संदेश



**करछना।** जन कल्याण हेतु करछना के लिगदहिया गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा में कथा सुनने के लिए इलाकाई भक्त श्रोता लोगो की भीड़ जुट रही है। प्रयागराज धाम से पधारे कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य हरिहर महाराज जी ने बुधवार को कृष्ण जन्म उत्सव की कथा का विस्तार से वर्णन किया । उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्म की लीला जीव रूपी वासुदेव को जब परमात्मा रूपी कृष्ण को पा लेता है तो जगत रूपी कंस के जेल के सारे बंधन टूट जाते हैं। और भव सिंधु रूपी यमुना से जीव पार हो जाता है । किंतु कृष्ण को छोड़कर जब जीव माया को अपना लेता है । तो भव सिंधु के अंदर आते हुए पुन : सारे बंधनों में पड़ जाता है । समस्त मानव मन को हरी शरण लेना चाहिए । ताकि भारत की महिमा में और वृद्धि हो। क्योंकि जीव का एकमात्र ईश्वर ही परम हितैषी है। कृष्ण जन्म महोत्सव पर खूब बधाइयां बजी। यशोदा में जन्मे कन्हाई नंद के घर आनंद भए प्रगट कृपाला दीन दयाला आदि छंदों से पूरा मंडप गुंजायमान हो गया। वहीं महिलाओं की ओर से सुमांगलिक सोहर गीतों की भी प्रस्तुतियां हुयी। इसके अलावा बाल कृष्ण भगवान की कलाकारों की ओर से सुंदर व मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गयी । कथा के मुख्य श्रोता यजमान फूलचंद्र सिंह व पत्नी अमृता देवी ने कथा व्यास सहित आचार्य लोगो का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया । कथा के आयोजक राजेश सिंह संतोष सिंह व संयोजक नीलेश सिंह बब्लू अरविंद सिंह तथा व्यवस्थापक विनोद सिंह सूबेदार सिंह ने मौजूद सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर ज्ञान सिंह पटेल रामसेवक सिंह संजू पांडेय भानु शुक्ला संतोष कुमार सिंह महीप सिंह अनिल मिश्रा प्रतीक्षा सिंह रितिक राजेश सिंह प्रतीक सहित आदि भक्त मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सारनाथ एक्सप्रेस से गिर जाने पर युवक की मौत, जैतवारडीह गांव के सामने हुआ हादसा

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट के गंगापार क्षेत्र में बुधवार दोपहर में एक युवक चलती ट्रेन से गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एम्बुलेंस से स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।प्रयागराज के थरवई थाना क्षेत्र के जैतवारडीह गांव के सामने करीब 3.30 बजे वाराणसी से प्रयागराज की ओर जा रही सारनाथ एक्सप्रेस से एक लड़का गिर गया। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को एसआरएन अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार लड़का ट्रेन के गेट पर बैठा था।थरवई थाना प्रभारी लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की उम्र 16 से 17 वर्ष के आस पास है। उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी जेब में कोई कागजात या मोबाइल नहीं मिला है। जिसकी वजह से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। सोशल मीडिया के जरिए उसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरतें

# संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने 01 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 15 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान का आम जन के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के दिए निर्देश जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में बुधवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी श्री आशु पाण्डे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकरी ने जेएसवाई, प्रथम संदर्भन ईकाई, जेएसवाई लाभार्थियों के भुगतान की प्रगति, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई-कवच एप, प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य चिकित्साधिकरी ने सभी अस्पतालों में आकस्मिक सेवाओं को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए है तथा अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित रखने, एम्बुलेंस को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए है। मुख्य चिकित्साधिकरी ने जननी सुरक्षा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए बहादुरपुर, माण्डा, सोरांव के प्रभारी चिकित्साधिकारी को योजना की प्रगति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये है। प्रथम संदर्भन इकाई की प्रगति की समीक्षा करते हुए फूलपुर की प्रगति को ठीक किए जाने के निर्देश दिये है तथा जे0एस0वाई0 लाभार्थियों के आनगोइंग भुगतान की प्रगति की समीक्षा, पी0एम0एस0एम0ए0 की प्रगति की समीक्षा में प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रतापपुर व करछना की प्रगति ठीक न पाये जाने पर सुधार करने के लिए कहा है। उन्होंने पोर्टल पर प्रसव की समीक्षा, फैमिली प्लानिंग, टीकाकरण की समीक्षा करते हुए प्रगति ठीक किये जाने के निर्देश दिया है। मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री की समीक्षा तथा ई-कवच की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी जसरा की प्रगति खराब पाये जाने पर सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है।मुख्य चिकित्साधिकरी ने मंत्रा एप, ई-कवच, आरसीएच पोर्टलों पर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत रूप से कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने सभी चिकित्साधिकारियों को चिकित्सालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने चिकित्सकीय उपकरणों को चेक करते हुए खराब उपकरणों को ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को मरीजों से अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए कहा है। संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्साधिकरी ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रसव केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है।

उन्होंने एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियमित बैठक करने तथा प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से भ्रमण कर इसका अनुश्रवण करते रहने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य टीम को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का शत-प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया है। मुख्य चिकित्साधिकरी ने डब्लूएचओ एवं यूनिसेफ के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की है। मुख्य चिकित्साधिकरी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। स्वास्थ्य से सम्बंधित जो योजनाएं संचालित है, उनका अच्छी तरह से क्रियान्वयन करते हुए लोगो को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया, अपर चिकित्साधिकारी गण, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री विनोद कुमार सिंह, उप चिकित्साधिकारी गण सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी गण उपस्थित रहे। सीएमओ ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर व्यापक स्तर पर इस अभियान को चलाने के निर्देश दिए है। उन्होंने संचारी अभियान को स्कूल चलो अभियान के साथ जोड़कर चलाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला स्तर, ब्लाक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर रैली व अन्य कार्यक्रमों के माध्यमों से नगर निगम, शिक्षा विभाग, जिलापंचायतराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सम्मिलित रूप से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने संचारी अभियान एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत निम्न प्रदर्शन करने वाले ब्लाकों की आशा कार्यकत्रियों के साथ बैठक करने व उन्हें प्रशिक्षण दिए जाने के लिए कहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने फागिंग व एण्टीलार्वा के छिड़काव के यंत्रों की उपलब्धता व एण्टीलार्वा कीटनाशकों की उपलब्धता व इससे सम्बंधित सूचनाएं एक फोरम पर पर उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने किन-किन ग्रामों में यंत्रों, एण्टीलार्वा कीटनाशक की उपलब्धता है, उसकी एक सूची बनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को 01 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 15 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान का आम जन के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक टीबी सप्रू, अपर मुख्य चिकित्साधिकरी गण, उप मुख्य चिकित्साधिकारी गण, जिला सर्विलांश अधिकारी, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षकगण, खण्ड विकास अधिकारीगणों के अलावा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# नगर निगम ने गृह कर वसूली अभियान के तहत दुकान को किया सीज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज के नेतृत्व में गृहकर वसूली अभियान के तहत एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने के दृष्टिगत आज दिनांक 29 मार्च 2023 को कुर्की कार्यवाई के दौरान जोन-4 अल्लापुर भवन संख्या-350/298, खलासी लाइन कीड़गंज भवन स्वामी राम अवध यादव के व्यवसायिक भवनों पर बकाया गृहकर की धनराशि रू0-53,734.00 हेतु नियमानुसार गृहकर बिल व डिमांड नोटिस तथा कुर्की की सूचना भी भवन स्वामी को दी गई थी, तथा परन्तु बकाया गृहकर न जमा करने के कारण आज उक्त व्यवसायिक भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। जोन-5 नैनी, भवन संख्या 71/7 चकरधुनाथ में गृहकर की बकाया धनराशि रू0-62,355.00 हेतु उक्त भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी तदोपरान्त भवन स्वामी द्वारा जमा करा दी गयी। उक्त कार्यवाही मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम एवं जोन-4, तथा 5 के कर अधीक्षक तथा वसूली टीम के साथ नगर निगम दस्ता बल भी उपस्थित रहें।

### अतीक के दो नाबालिग बेटों के गायब होने की नही हो सकी सुनवाई, अब 1 अप्रैल को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** उमेश पाल शूट आउट केस में नामजद माफिया अतीक अहमद के दो नाबालिग बेटों के कथित तौर पर लापता होने के मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जिला कोर्ट में वकीलों की हड़ताल के चलते मामले की सुनवाई टालनी पड़ी। अब एक अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई को धूमनगंज थाना प्रभारी ने पेश की थी रिपोर्ट : शाइस्ता परवीन ने प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट में अर्जी दे रखी है कि उनके नाबालिग बेटों को पुलिस घर से उठाकर ले गई और बता नहीं रही है कि उन्हें कहा रखा है। इसपर कोर्ट ने धूमनगंज थाने से रिपोर्ट तलब की थी। पिछली कई सुनवाई पर धूमनगंज थाना प्रभारी कोर्ट में गोलमोल जवाब देती रही। कोर्ट ने जब पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अगर सही सही नहीं बताया कि बच्चों को कहां रखा है तो थानाध्यक्ष के ऊपर अवमानना केस चलेगा। इसपर धूमनगंज थाना प्रभारी ने 24 मार्च को हुई पिछली सुनवाई पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि दोनों नाबालिग बच्चे राजरूपपुर स्थित बाल संरक्षण गृह में रखे गए हैं। इसके बाद करीब एक महीने से अतीक अहमद के नाबालिग बेटे एजम और अबान को लेकर चल रहा सस्पेंस खत्म हुआ था।

# मंडलायुक्त ने कौंधियारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

## फार्मेसिस्ट जयसिंह की 3 दिन से बिना कारण अनुपस्थिति पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** टी0बी0 मरीजों हेतु बनाई गई डॉट्स प्रयोगशाला एवं वैक्सीन कक्ष का भी निरीक्षण किया गया जिसके दौरान वैक्सीन रखने के टेंपरेचर के संबंध में पूंछे जाने पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका।टेलीमेडिसिन कक्ष भी बंद पाया गया तथा उसके बारे में जानकारी लेने पर वह कब खुलता है एवं बंद होता है उसके बारे में भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।

औषधि भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया गया एवं रेंडम दवाइयों का लॉग बुक में की गई एंट्री से मिलान करने पर अनियमितताएं पाई गई। फार्मासिस्ट के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति अत्यंत खराब पाए जाने पर अधीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश। खंड विकास कार्यालय कौंधियारा का निरीक्षण करते हुए वहां पर निविदाओं में अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों की जांच कराते हुए उनका 2 दिन में निस्तारण करने के निर्देश डीडीओ को दिया। पूर्व में नरेगा संबंधित भुगतान में अकाउंटेंट द्वारा की गई त्रुटि के संबंध में भी डीडीओ को 2 दिन के अंदर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और यदि इस जांच में अकाउंटेंट की गलती पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत ने बुधवार को कौंधियारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए वहाँ की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सर्वप्रथम उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली जिस पर अधिकांश डॉक्टर एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थिति का कारण पूछे जाने पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा फार्मेसिस्ट जयसिंह की 3 दिन से बिना कारण अनुपस्थिति पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ब्लॉक कम्युनिटी प्रोग्राम मैनेजर (बीसीपीएम) अजय कुमार की बिना टूर रजिस्टर पर एंट्री की अनुपस्थिति पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सीमा की निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति के बारे में पूंछे जाने पर उन्हें अवकाश पर होना बताया गया परंतु अवकाश के संबंध में उनका प्रार्थना पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका जिस पर भी मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त की।निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की ड्यूटी के संबंध में पूछे जाने पर ज्ञात हुआ कि इमरजेंसी रजिस्टर ही नहीं बनाया गया था। टी0बी0 मरीजों हेतु बनाई गई डॉट्स प्रयोगशाला एवं वैक्सीन कक्ष का भी निरीक्षण किया गया जिसके दौरान वैक्सीन के रख रखाव एवं लॉग बुक संबंधित जानकारी ली गई। वैक्सीन कक्ष में तैनात महिला कर्मी से वैक्सीन रखने के टेंपरेचर के संबंध में पूंछे जाने पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका जिस पर भी मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्ति की।निरीक्षण के दौरान अधीक्षक कार्यालय में बने शौचालय में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था ना होने एवं पानी की टोटी टूटी हुई पाए जाने पर भी मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की।

टेलीमेडिसिन कक्ष भी बंद पाया गया तथा उसके बारे में जानकारी लेने पर वह कब खुलता है एवं बंद होता है उसके बारे में भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। औषधि भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया गया एवं रेंडम दवाइयों की लॉग बुक में की गई एंट्री से मिलान करने पर अनियमितताएं पाई गई जिसके पश्चात फार्मासिस्ट के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत अत्यंत चिंताजनक पाए जाने पर अधीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में मंडलायुक्त ने खंड विकास कार्यालय कौंधियारा का निरीक्षण करते हुए वहां पर निविदाओं में अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों की जांच कराते हुए उनका 2 दिन में निस्तारण करने के निर्देश डीडीओ को दिया। साथ ही पूर्व में नरेगा संबंधित भुगतान में अकाउंटेंट द्वारा की गई त्रुटि के संबंध में भी डीडीओ को 2 दिन के अंदर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और यदि इस जांच में अकाउंटेंट की गलती पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### रोजगार मेले में 76 अभ्यथिंयों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा बुधवार को चैधरी चरण सिंह इण्टर कालेज, बैजनाथ गंज, सियाडीह, हण्डिया, प्रयागराज परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी पीपल ट्री आनलाइन द्वारा, डस्की स्टैलियन कन्सलटेंसी सर्विस प्रा0लि0 द्वारा, न्यू एक्वा आर0ओ0 सिस्टम द्वारा, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा, महिन्द्रा आटो मैनपावर सप्लाई सर्विसेज द्वारा, रेडेक्स इण्टरप्राइजेज प्रा0लि0 द्वारा एवं रोहित हाईब्रीड सीड प्रा0लि0 द्वारा चयन किया गया। उक्त मेले में कुल 76 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उपरोक्त रोजगार मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्रीप्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया। उपरोक्त रोजगार मेले का मुख्य अतिथि श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष, हण्डिया, प्रयागराज द्वारा उद्घाटन किया गया। इस रोजगार मेले में सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने सहायोग किया। यह जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन ने दी है।

### मऊआइमा में शत्रु संपत्ति का बोर्ड आज तक नही लगा अधिकारियों के दावे फ्लाप

**मऊआइमा।** मऊआइमा के बैरहना चौराहे पर स्थित दो बीघा जमीन को कष्टूडियम विभाग ने शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया था। मौके पर पहुंचे तहसीलदार, लेखपालों की टीम ने कहा था अब्दुल रऊफ 1947 में पाकिस्तान चले गए थे। उक्त दो बीघा जमीन को शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था। जहां तीन नम्बरानों पर तीन बोर्ड शत्रु संपत्ति का बना कर लगाने को लेखपाल राज कुमार सागर से कहा था। बताते हैं कि बोर्ड बना हुआ है। परन्तु तहसील के कोई अधिकारियों के न आने से आज तक बोर्ड नहीं लग पाया है। जिसे लेकर लोगो में तरह तरफ की चर्चा है। वही लोगो का कहना है कि एक धन्ना सेठ जो जमीन का कुछ अंश खरीदा था। कह रहा है कि यह शत्रु भूमि नहीं है वरना बोर्ड लग जाता।

# युवक ने यमुना में लगाई छलांग गोताखोरों ने बचाई जान

## पुलिस से बोला- नौकरी नहीं मिलने से हूं परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के सुसाइड प्वाइंट कहे जाने वाले नए यमुना पुल से कानपुर के एक युवक ने छलांग लगा दी। नीचे यमुना में मौजूद गोताखोरों ने उसे बचा लिया। होश में आने के बाद उसे कीडगंज अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी उसकी मनः स्थिति ठीक नहीं है।प्रयागराज के नए यमुना पुल पर बुधवार की शाम को चार बजे के करीब एक लड़का पहुंचा। वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड के मुताबिक वह लड़का कुछ परेशान लग रहा था। कुछ देर तक वह वहीं चलता रहा। फिर अचानक से अपनी घड़ी उतारकर यमुना में फेंक दिया। कुछ कदम आगे बढ़ा तो बैग और मोबाइल फेंक दिया। उसकी हरकत देखकर सिक्योरिटी गार्ड उससे बात करने के लिए आगे बढ़ा। लेकिन तब तक वह रेलिंग पर चढ़ा और यमुना में छलांग लगा दी। जब वह यमुना में कूदा तो नीचे गोताखोर मनोज कुमार निषाद मौजूद था। उसने अपने साथी के साथ नाव से यमुना में छलांग लगाकर युवक को पकड़ लिया। नाव पर बैठाकर बाहर ले आया। उसके पास मिले आधार कार्ड के मुताबिक उसका नाम मोहित कुमार पटेल पुत्र दिलीप कुमार पटेल निवासी पंप हाउस नंबर 02, आवास विकास 3, शिव मंदिर के पास, कल्याणपुर, कानपुर लिखा मिला। मनोज कुमार निषाद ने कीडगंज पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद इंस्पेक्टर राममूर्ति यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां से ठीक होने पर पुलिस उसे अपने साथ थाने ले आई।

**माता-पिता की हो चुकी है मौत**

पुलिस के अनुसार लड़के ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह एकदम अकेला और बेरोजगार है। 3 दिन पहले वह प्रयागराज आया था। संगम स्नान किया और लेटे हनुमान जी का दर्शन करने के बाद रोजगार की तलाश कर रहा था। कहीं नौकरी नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से वह बहुत डिस्टर्ब हो गया। उसे कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था। इसलिए उसने आत्महत्या करने का निर्णय लिया। जिसके लिए उसने नए पुल को चुना। वहां पहुंचकर उसने यमुना में छलांग लगा दी। लेकिन गोता खोरों ने उसे बचा लिया।इंस्पेक्टर राममूर्ति यादों ने बताया कि इसके नात रिश्तेदारों से संपर्क किया जा रहा है। उनको बुलाकर उनकी सुपुर्दगी में दिया जाएगा। अभी वह थाने पर ही है।

## न्यूज झरोखा

### रामायण नृत्य नाटिका कार्यक्रम का आयोजन सम्पन




**प्रयागराज।** बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन की श्रृंखला मे युवा महोत्सव के अवसर पर संस्कृति पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश संस्कृति परिषद प्रयागराज एवम् संस्था आरंभ रंगमंडल के संयुक्त तत्वावधान में रामायण नृत्य नाटिका कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में किया गया। रामायण नृत्य नाटिका कार्यक्रम युवा कलाकार रितिका अवस्थी और उनके साथियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हर्षवर्धन बाजपेई माननीय विधायक शहर उत्तरी प्रयागराज, श्रीमती कविता यादव त्रिपाठी, रंगबली पटेल सदस्य राज्य कार्यकारिणी भाजपा, श्रीमती संध्या सिंह अपर निदेशक शिक्षा विभाग आदि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, डॉ. रामनरेश पाल क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी, अंगद पटेल, राकेश कुमार वर्मा, हरिशचंद्र दुबे आदि संस्कृति विभाग के कर्मचारियों सहित दर्शको की उपस्थिती रही।

### पीडीए ने 16 फ्लैटों का किया आवंटन , लॉटरी सिस्टम से आवंटित किए गए फ्लैट



**प्रयागराज।** पीडीए ने बुधवार को मानस विहार, जान्हवीपुरम योजना नैनी, संगम विहार, मंगल विहार कालिंदीपुरम, अलकनंदा अपार्टमेंट गोविंदपुर आवास योजना में खाली पड़े 16 फ्लैटों का आवंटन किया गया। मौके पर पात्र उपस्थित पंजीकृत आवेदकों को इंदिरा भवन के आठवें तल पर स्थित प्राधिकरण सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में चाबी सौंपी गई।इस अवसर पर पर्यवेक्षक रिटायर्ड आईएएस आरएस वर्मा ने आमंत्रित समिति के समक्ष लाटरी के माध्यम से पात्रों को फ्लैट का मालिकाना हक सौंपा। 16 फ्लैट्स बिकने से प्राधिकरण को 2 करोड़ 35 लाख 63 हजार रुपये की आई हुई है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी संपत्ति अजय कुमार ने दी।

### जज दिनेश चंद्र शुक्ला की बढ़ी सुरक्षा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा सुनाने वाले न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला की सुरक्षा बढ़ाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। उमेश पाल अपहरण कांड में फैसला आने के बाद शासन की ओर से यह कदम उठाया गया है।जानकारी के मुताबिक, न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला ने न्यायिक सेवा में आने के बाद भदोही जिले से करियर की शुरूआत की। वह मूलरूप से रायबरेली के रहने वाले हैं। बता दें कि कल ही यानी मंगलवार को राजू पाल हत्याकांड के गवाह रहे उमेश पाल अपहरण कांड में एमपीएमएलए कोर्ट ने माफिया अतीक, दिनेश पासी व अधिवक्ता खान शौलत हनीफ को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 9300 रुपये का अर्थदंड भी लगाया था। इसके साथ ही एक-एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का भी आदेश दिया। यह क्षतिपूर्ति पीड़ित परिवार को दी जाएगी।विशेष न्यायाधीश (एमपीएमएलए कोर्ट) डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला ने अपने 142 पन्ने के फैसले में यह भी कहा था कि अभियुक्तगण फरहान एवं खालिद अजीम उर्फ अशरफ, जावेद उर्फ हनीफ, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर, अंसार बाबा (मृतक) किसी और मामले में वांछित न हो तो उन्हें अविलंब रिहा किया जाए।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ-भवन पर मनाया गया अशोक सम्राट की जयंती

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर छात्रों ने सम्राट अशोक की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई। जहां दर्जनों छात्र एकत्रित होकर सम्राट अशोक की तस्वीर पर माल्यार्पण कर लगाए नारे। सभी छात्रों ने बारी-बारी से उनके जीवन के महत्वता पर अपना व्याख्यान दिया। वहीं छात्रों ने बताया कि सम्राट अशोक के दादा, चंद्र गुप्त मौर्य को बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान दहेज में मिला था। इनके सिद्धांतो पर चलकर पुनः किया जाए अखंड भारत का निर्माण छात्र नेता संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि महान सम्राट अशोक की जयंती हम लोगों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। छात्र नेता ने बताया कि सम्राट अशोक के दादा चंद्र गुप्त मौर्य को अफगानिस्तान और पाकिस्तान दहेज में मिला था। अखंड भारत का निर्माण किया गया था। आगे सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग इनकी जीवनी और इतिहास को पढ़ें। इनके कहे हुए सिद्धांतों पर चलकर पुनः अखंड भारत का निर्माण किया जाय।

**मानवता के धर्म को अपना करके संपूर्ण विश्व को शांति का दिया संदेश :** छात्र नेता इंद्रजीत मौर्य ने कहा अशोक एक महान शख्सियत थे। यदि आप प्राचीन इतिहास को पढ़ेंगे तो देखेंगे। भारत में तमाम राजवंश हुए। लेकिन सिर्फ सम्राट अशोक के शासनकाल में ही अखंड भारत का निर्माण हुआ। सम्राट अशोक के ही वजह से आज हम अखंड भारत की परिकल्पना करते हैं। कहा कि पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश यह तमाम देश अखंड भारत के हिस्सा हुआ करते थे। सम्राट अशोक बहुत ही क्रांतिकारी थे। वह सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार थे। लेकिन जब उन्होंने कलिंग युद्ध के बाद चीजों को देखा। तो उन्होंने मानवता के धर्म को अपना करके संपूर्ण विश्व को शांति का संदेश दिया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्वयं को पहचानने, बाल केंद्रित शिक्षा स्वयं अधिगमी तथा अभिक्षमता का सृजन करने पर बल देती है : प्रो. धनंजय यादव

**प्रयागराज।** उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य राजेंद्र प्रताप के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर धनंजय यादव एवं विशिष्ट अथिति असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रुचि दुबे (इविवि), श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय फाफामऊ से डॉ रमेश सिंह रहे। सर्वप्रथम डायट प्राचार्य डायट एवं वक्तागण द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के उपरांत नई शिक्षा नीति 2020 पर उद्बोधन हुआ। वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक तिवारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कुशलतम वक्तव्य प्रस्तुत किए। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रुचि दुबे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रत्येक अंग पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ रमेश सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूपरेखा में विभिन्न आयोगों के लिए गए बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर धनंजय यादव ने नई शिक्षा नीति के गुणात्मक एवं मात्रात्मक पहलुओं पर नवाचार आत्मक ढंग से प्रकाश डालते हुए बाल केंद्रित शिक्षा, बालक को स्वयं की पहचान की क्षमता एवं अधिगम किस प्रकार से हो तथा सजग होकर राष्ट्र में अपनी बहुआयामी भूमिका किस प्रकार से अदा कर सके ,उसका सारगर्भित ढंग से आकलन द्वारा भव्य दिग्दर्शन कराया गया एवं प्रत्येक बिंदुओं को प्रायोगिक ढंग से प्रशिक्षुओं में प्रवक्ताओं में अपने विचारों को सुंदरतम ढंग से आत्मसात कराया। वक्ता के रूप में डायट प्रयागराज के प्रवक्ता शिक्षाशत्र वीरभद्र प्रताप ने समावेशी शिक्षा तथा लैंगिक समता एवं समानता ट्रांसजेंडर से संबंध स्थापन व राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रत्येक बिंदु पर प्रकाश डाला गया। डायट प्रवक्ता राजेश कुमार पांडेय नई शिक्षा नीति पर विस्तृत वर्णन किए। शिक्षक एजुकेटर संजय यादव एव घनश्याम सिंह भी अपने वक्तव्य को नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत वर्णन किए। सेमिनार के अंत में डायट प्रयागराज की ओर से डॉ धनंजय यादव का अंगवस्त्र से सम्मानित प्राचार्य राजेंद्र प्रताप एवं वीरभद्र प्रताप किए तथा वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक तिवारी मुख्य वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता तरन्नुम असदी, ममता यादव, रत्ना यादव, प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, कुलभूषण मौर्या, पंकज यादव, रिचा राय, सुरभी सिंह, शशांक सिंह ,शबनम, डॉ. अमित सिंह, रश्मि चौरसिया, मनीषा प्रकाश, नीलम चतुर्वेदी डी.एन.एस. से गगन चंद्र गौतम समेत सभी प्रशिक्षु सत्र 2021 उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ. राजेश पांडेय रहे।

# अष्टमी पर पूजा गई मां महागौरी

### बेल्हा देवी, चौहर्जन व चंदिकन देवी मंदिरों में रही भारी भीड़



बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वासंतिक नवरात्र की आज अष्टमी थी। आज मां दुर्गा के अष्टम स्वरुप माता महागौरी की पूजा अर्चना की गई। बेल्हा देवी मंदिर में माता महागौरी की पूजा अर्चना के लिये भारी भीड़ उमड़ी थी। धर्मिक मान्यता है कि माता महागौरी आदि शक्ति हैं। इनके तेज से सम्पूर्ण विष्व प्रकाषमान है। इनकी शक्ति अमोध फलदायिनी मानी जाती है।

महागौरी की पूजा अर्चना से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा देवी का भक्ति का जीवन पवित्र हो जाता है। देवी महागौरी की चार भुजाएं हैं। उनकी दायीं भुजा अभय मुद्रा हैं और नीचे वाली भुजा में त्रिषूल धारण करती हैं। उनके इस स्वरुप दर्षन मात्र से अंतः मन में सुख और शांति मिलती है।

बेल्हा देवी मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके अलावा चैहर्जन देवी मंदिर व चंदिकन देवी मंदिर में भी दर्षनार्थियों की आज भारी भीड़ देखने को मिली। हिन्दू समाज में नौ दिन का व्रत जो लोग नहीं रह पाते, वह प्रथमा व अष्टमी का व्रत रखते हैं। हिन्दू समाज के परिवार में आज ज्यादातर लोग व्रत रखकर मां महागौरी की पूजा अर्चन करते हैं।

### टक्करगंज के महाकाली मंदिर में हुआ बड़ा भण्डारा

**प्रतापगढ़।** शहर के टक्करगंज मोहल्ले में स्थित काली जी के मंदिर पर आज कन्या पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। इसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। बता दें कि काली जी के मंदिर में हर वर्ष इस तरीके के कार्यक्रम होते हैं।

### अष्टमी पर महागौरी के स्वरूप का हुआ पूजन, मंदिरों मे उत्साह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चैत्र नवरात्र की अष्ठमी पर देवी मंदिरों मे मां महागौरी के स्वरूप का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड जुटी दिखी। बाबा घुइसरनाथ धाम मे श्रद्धालुओ ने मां दुर्गा तथा गणेश लक्ष्मी व मां पदमावती के दर्शन पूजन किये। वहीं लालगंज के हरिहरमंदिरम मे श्रद्धालु मां काली के साथ मां पीताम्बरा व मां विश्वमोहिनी की प्रतिमाओं पर फूल माला अर्पित कर नारियल चुनरी भेंट करने में मगन दिखे। इनहन भवानी धाम, अगई दुर्गन देवी धाम, मनीपुर चंदापुर की ग्रामदेवी, सांगीपुर वार्ड मे मां चतुर्भुजी देवी तथा गुम्मौर वन मे भी मां के दर्शन पूजन को लेकर दिन भर श्रद्धालुओं का जमघट दिखा। वहीं घरों मे भी नवरात्र पर अष्टमी के व्रत के साथ विधिविधान से देवी पूजन का उत्साह दिन भर देखा गया। बाजारों मे गुरूवार को नवमी को लेकर हवन पूजन के लिए खरीददारी को दोपहर बाद से भारी भीड़ भी प्रतिष्ठानों पर जुटी दिखी।

## भगवत कृपा जीवन का शाश्वत पुण्यः विद्याभूषण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सांगीपुर वार्ड में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के बुधवार को समापन पर श्रद्धालुओ की भीड जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य विद्याभूषण शुक्ल ने कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए आराधना का भाव सदैव शुद्ध मन से होना चाहिए। उन्होने कहा कि भगवत कृपा मिलना भी जीवन की साधना का पवित्र पुण्य हुआ करता है। विद्याभूषण जी ने बताया कि कलिकाल मे सिर्फ भगवान का हर समय स्मरण ही जीवन का सुमंगल हुआ करता है। कथा के संयोजक श्यामसुंदर त्रिपाठी व निर्मला त्रिपाठी ने समापन पर कथाव्यास विद्याभूषण शुक्ल को धर्मगौरव सम्मान प्रदान किया। संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी ने किया। कथा के सह संयोजक शंभू त्रिपाठी, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरित किये। इस मौके पर आचार्य दिवाकर नाथ शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रो. आरपी शुक्ल, सुरेंद्र सिंह, रामअभिलाष यादव, आचार्य रामअवधेश मिश्र, आचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी, कैलाशपति तिवारी, कृपाशंकर शुक्ल, शिवमूर्ति द्विवेदी, श्यामनारायण द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, लालजी तिवारी, बृजेश द्विवेदी, मुन्ना शुक्ल आदि रहे।

# स्वर्णप्राशन बनाये बच्चों को स्वस्थ, शक्तिशाली और स्मार्टः डा अवनीश

### आयुर्वेद विभाग एवं आईसीडीएस द्वारा स्वर्णप्राशन कैंप का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आयुर्वेद विभाग एवं समेकित बाल विकास परियोजना द्वारा स्वर्णप्राशन कैंप का आयोजन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामापुर मे किया गया जिसमें 80 बच्चों को आयुर्वेद मे वर्णित स्वर्ण भस्म, शहद एवं ब्राह्मी घृत युक्त स्वर्णप्राशन दवा निःशुल्क पिलाई गयी।



स्वर्णप्राशन कैम्प में बच्चों को दवा पिलाते चिकित्सक।

भाजपा जिला मंत्री अनुराग मिश्र ने बच्चों को दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय उड़ईयाडीह डा आशीष त्रिपाठी ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि स्वर्णप्राशन बच्चों की बुद्धि और स्मरण शक्ति तेज रखता है साथ ही वजन और लम्बाई समयानुसार बढ़ती है। प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामापुर डा अवनीश पाण्डेय ने बताया कि स्वर्ण भस्म से बनी यह दवा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और उन्हे स्वस्थ शक्तिशाली और स्मार्ट बनाता है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री अनुराग मिश्र, पूर्व ग्राम प्रधान रामापुर देवेन्द्र पाठक, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोहंडोर डा आजाद अहमद, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा अवनीश पाण्डेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा आशीष त्रिपाठी, सीडीपीओ आकाश डालमिया, मुख्य सेविका गीता शुक्ला, धनपत्ती पाल, फार्मासिस्ट सुनील कुमार पाण्डेय, रत्नेश पाण्डेय, सी एम शुक्ला, डा.अखिलेश मोदनवाल राजेश कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रामनवमी समेत विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज गुरूवार को रामनवमी समेत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होंगे। श्री तिवारी अपरान्ह बारह बजे संग्रामगढ़ स्थित पैतृक गांव में श्रीरामनवमी पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगे। वह इसके बाद दिन मे सवा दो बजे जैनपुर तथा पौने तीन बजे सांगीपुर वार्ड मे आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों मे भी पहुंचेगे। प्रमोद तिवारी अपरान्ह साढे तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम मे दर्शन पूजन भी करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## शिविर में स्वयंसेवकों को समाज सेवा का दिलाया गया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**




पीबीपीजी कालेज में वृक्षारोपण करते प्राध्यापक व छात्रगण।

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अन्तिम समापन दिन के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो अमित श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को भारत की गौरवपूर्ण परंपरा से परिचय कराते हुए शिविर में सीखी गई बातों को समाज सेवा के संकल्प के रुप में अपनाने को प्रेरित किया। प्रो अमित सर ने बताया कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति संरक्षण के तत्व परंपरा के रूप में निहित हैं। स्वयंसेवकों ने सात दिनों के शिविर में अपने अनुभवों को साझा किया। स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण-श्रद्धा नहीं सम्मान चाहिए तथा सर्व शिक्षा अभियान पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की। कार्यक्रमाधिकारी प्रणव ओझा, डॉ कुलदीप सिंह, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ नीरज त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ जितेंद्र सैनी, राकेश सिंह, आशीष मालवीय तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में नन्हे, राजकुमार उपस्थित रहे।

## जीत पर दूसरे दिन साथियों में जश्न, निर्वाचित पदाधिकारियों ने जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में मंगलवार की देर रात जीते पदाधिकारियों को लेकर बुधवार को दिन भर तहसील परिसर मे जश्न का माहौल दिखा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी, सह मंत्री अश्विनी पाण्डेय द्वारा साथी अधिवक्ताओं का मुंह मीठा कराकर समर्थन के लिए आभार जताया गया। वहीं साथियों ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गले लगाकर जीत की बधाईयां दी। लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित अनिल महेश ने कहा कि वह अधिवक्ताओं के हित तथा मान सम्मान मे संघर्ष को पहली प्राथमिकता देंगे। इधर चुनाव समिति के पदाधिकारियो ने परिणाम के दूसरे दिन निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह व महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने आय व्यय निरीक्षक सत्यम त्रिपाठी तथा प्रचार मंत्री नीलेश त्रिपाठी व सदस्य कार्यकारिणी नवनीत पाण्डेय, अनिल तिवारी, हरि नारायण पाण्डेय व इमरान खान को प्रमाण पत्र प्रदान किया। संचालन समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, केबी सिंह, लाल राजेन्द्र सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, विकास मिश्र, रामलगन यादव, वीरेन्द्र सिंह, शिवाकान्त उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, बेनीलाल शुक्ल समेत चुनाव समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मारपीट का वांछित धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट तथा तोडफोड के वांछित आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा योगेन्द्र सिंह बुधवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच सूचना मिलने पर हलई का पुरवा पूरे बसंतराय निवासी परशुराम के पुत्र सुनील को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। आरोपी सुनील के खिलाफ थाने मे घर मे घुसकर मारपीट समेत कई धाराओं मे बीते 2018 में केस दर्ज हुआ है। पुलिस को आरोपी की काफी दिनो से तलाश थी। दोपहर बाद आरोपी को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया।

## खेल प्रतियोगिता से गांवों में छुपी प्रतिभा निखरती हैः विनोद सोनकर

### तीसरे दिन वालीवाल में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा प्रतापगढ़।** सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में बुधवार को तीसरे दिन बिहार, कुंडा व कालाकांकर में वालीबाल एवं बाबागंज में खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कौशाम्बी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर बुधवार को अपरान्ह 12 बजे बिहार ब्लाक के पुवासी सिया मोड़ स्थित खेल मैदान में पहुंच कर खिलाड़ियों से परिचय करते हुए वालीबाल प्रतियोगिता के लिए फीता काट कर उद्घाटन किया।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सांसद विनोद सोनकर।

इसके बाद बाबागंज ब्लाक के लक्ष्मीगंज स्थित खेल मैदान में पहुंच गए खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम में आए हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांवों में छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। ब्लाक से विजई खिलाड़ियों को कौशाम्बी के टेवा स्थित स्टेडियम में 4,5,6 अप्रैल को फाइनल मुकाबले में भेजा जाएगा। खिलाड़ियों को ब्लाक मुख्यालय (खेल मैदान) से बस द्वारा ले जाया जायेगा। आगामी 7 अप्रैल को कौशाम्बी लोकसभा मुख्यालय में देश के गृह मंत्री अमित शाह के हाथों जीते हुए खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, खंड विकास अधिकारी बिहार अश्वनी सोनकर , बाबागंज अरुण कुमार, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह पप्पन,जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर आदि मौजूद रहे।

## नौनिहालों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मचाया धमाल

### हनुमत पब्लिक स्कूल का मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर स्थित हनुमत पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे नौनिहालों की मनमोहक प्रस्तुतियो ने धमाल मचा दिया। वहीं शैक्षणिक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संस्थापक पं. गौरीशंकर पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्रा गौरी व करीना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वहीं आदर्श, समीर तथा सोम व यश एवं स्वास्तिक, कृष्णा आदि ने भाव नृत्य, नाटक व गीत प्रस्तुत कर अभिवावको को मंत्रमुग्ध कर दिया।




वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते नौनिहाल।

प्रधानाचार्या सुमन पाण्डेय ने प्रारम्भ में शैक्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक विकास पाण्डेय ने शैक्षिक मूल्यो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल रहे। अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को प्रेरणास्पद शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होने कहा कि बच्चे ही हमारे भविष्य हैं, ऐसे मे समाज का भी दायित्व है कि शिक्षा के परिवेश को मजबूती देने मे सार्थक भूमिका निभाएं। प्राशिसं के मंत्री संतोष मिश्र ने प्रारंभिक शिक्षा को भविष्य निर्माण की नींव ठहराते हुए गुणवत्तापरक पठनपाठन के माहौल पर जोर दिया। शैक्षणिक सत्र मे विभिन्न कक्षाओं मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय ने आभार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन शिक्षिका साक्षी, शरद, कविता, पुष्पांजलि, दीक्षा, ने किया। इस मौके पर सुरेन्द्र पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, अनुज, गौरव पाण्डेय, बृजेन्द्रमणि त्रिपाठी, शास्त्री सौरभ आदि रहे।

### अवैध कब्जे का आरोप, तहसीलदार से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पूरे साधवराम रामपुर बावली निवासी सुखदेव के पुत्र रमेशचंद्र द्विवेदी ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर कहा है कि विपक्षी जबरिया उसकी बैनामाशुदा जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। पीडित ने शिकायती पत्र मे कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर तहसीलदार की कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। इस पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को मामले के न्यायालय मे विचाराधीन रहने की स्थिति मे दोनो पक्षो को निर्माण न किये जाने को लेकर आदेश दिये है।

# जिला प्रशासन की निष्क्रियता से प्रधान की सदमे में मौतः सांसद

### पूरे प्रकरण से सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराएंगे

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** विकास खंड बिहार की ग्राम पंचायत बरबसपुर के ग्राम प्रधान राम बहादुर यादव की पिछले दो दिन पूर्व सदमे में मौत हो गई। प्रधान की मौत जानकारी होते ही बुधवार को कौशाम्बी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ग्राम प्रधान के आवास पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की।

प्रधान के भतीजे ज्ञान चन्द्र यादव फौजी ने बताया कि मेरे चाचा ग्राम प्रधान का चुनाव लड़े। ग्राम सभा की जनता ने अपार स्नेह देकर चाचा को ग्राम प्रधान बनाया। पूर्व प्रधान पिंटू सिंह चुनाव हारने के बाद ग्राम प्रधान राम बहादुर यादव सहित पूरे परिवार को स्थानीय पुलिस से मिलकर परेशान करने लगा। पिछले दो साल 8 से अधिक मुकदमा दर्ज हुआ। दो बार ग्राम प्रधान को जेल भेजा गया। चुनाव जीतने के बाद आज तक 10 से अधिक पंचायत मंत्रियों की तैनाती हुई। किसी ने ग्राम पंचायत का कोई कार्य नहीं किया। जिससे गांव का विकास नहीं हो पाया। जिला प्रशासन कोई सहयोग नहीं किया। प्रशासन द्वारा सहयोग न मिलने पर सांसद कौशांबी से मिलकर अधिकारियों की उदासीनता से अवगत कराया। सांसद विनोद सोनकर ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधान को चार्ज दिलाकर विकास कार्य कराया जाएं। परन्तु आए दिन स्थानीय पुलिस अनावश्यक दबाव बनाने के साथ जिला प्रशासन की निष्क्रियता से 26 मार्च 2023 को ग्राम प्रधान की सदमें से मौत हो गई। ग्राम प्रधान की मौत के बाद पूरे गांव में प्रशासन के प्रति लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सांसद ने पुलिस अधीक्षक को निष्पक्ष जांच के निर्देशित किया। पुलिस की जांच में प्रधान को दो प्रकरण में दोषमुक्त करते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई। सांसद के पहुंचने के बाद परिवार के लोगों ने रो कर अपना दुखड़ा सुनाया। पीड़ित की बात सुनने के बाद सांसद ने कहा कि पूरे प्रकरण में स्थानीय पुलिस एवं जिला प्रशासन की उदासीनता साफ नजर आ रही है। पूरे प्रकरण को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सामने रखा जाएगा। ऐसे लापरवाह स्थानीय थाने के पुलिस कर्मियों के साथ जिला प्रशासन के ऊपर कार्यवाही हेतु पत्र लिखा जायेगा। मौके पर भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, उदय शंकर पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह पप्पन, प्रधान सूरज शुक्ल, सन्तोष पाण्डेय, बाघराय थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

### शराब पार्टी में युवक की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शराब पार्टी में एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की मौत पर परिजनों ने उसके खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। बता दें कि नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली मण्डी निवासी धर्मेन्द्र कुमार मौर्य (33 वर्ष) दिल्ली में परिवार के साथ रहता था। वह कल रात दिल्ली से आया था और शराब पार्टी की, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रो. कामता प्रसाद को वाल्मीकि पुरस्कार मिलने से प्रसन्नता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अगई निवासी संस्कृत भाषा के विद्वान तथा पूर्व उप कुलपति प्रो. कामता प्रसाद त्रिपाठी पीयूष को लखनऊ के संस्कृत संस्थान मे बाल्मीकि पुरस्कार प्रदान किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम मे संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम शास्त्री, संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव, प्रो. आजाद मिश्र ने समारोहपूर्वक शासन द्वारा स्वीकृत सम्मान प्रदान किया। इसके तहत इन्हें शाश्वती की रचना पर इक्कीस हजार रुपए का नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रो. कामता प्रसाद के सम्मान की जानकारी मिलने पर यहां प्रबुद्ध वर्ग मे खुशी देखी गयी। आचार्य शिवमूर्ति शास्त्री, डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय, आचार्य राजेश मिश्र, विशालमूर्ति मिश्र, आचार्य रामअवधेश मिश्र, डा. अंबिकेश त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, महंथ मयंकभाल गिरि, आचार्य प्रताप नारायण मिश्र, हरि बहादुर सिंह हर्ष, डा. नागेन्द्र अनुज आदि ने प्रो. पीयूष को मिले इस सम्मान को जनपद के लिए संस्कृत साहित्य के संवर्धन का गौरव ठहराया है।

## असलहा सटाकर युवक से मोबाइल और नकदी की छिनैती

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाजार से लौटे युवक को अज्ञात पल्सर सवार बदमाशों ने कनपटी पर पिस्तौल तानकर मोबाइल तथा नकदी छीन लिया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के धूती गांव के चंद्रमणि तिवारी पुत्र दुर्गा प्रसाद मंगलवार को सैफाबाद बाजार गए हुए थे। दोपहर को लौटते समय जैसे ही वह मरा हुआ गेट के पास पहुंचे पीछे से पहुंचे पल्सर सवार बदमाशों ने ओवरटेक करके चंद्रमणि के वाहन को रोक लिया उसके बाद कनपटी पर पिस्तौल सटाकर 3500 नगद तथा मोबाइल छीन लिए जाते हुए बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दिया पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

## खबर संक्षेप

### इनकम टैक्स अफसर और पूर्व प्रधान के घर पर चोरों ने किया लाखो का सामान पार, रायफल,गहने और नगदी उठा ले गए बेखौफ चोर

**कौशाम्बी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र के निखोदा में बेखौफ चोरों ने इनकम टैक्स ऑफिसर के घर एवम पूर्व प्रधान के घर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है, चोरों ने एक रायफल की कारतूस,नगदी और गहनों पर हाथ साफ किया है।सुबह घर वालो को पता चला तो हड़कंप मच गया,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। महेवाघाट थाना क्षेत्र के निखोदा गांव में इनकम टैक्स अफसर और पूर्व प्रधान के घर से चोरों ने 1500000 का जेवरात 50000 नगदी 315 बोर की राइफल की 10 पीस कारतूस भी चोरों ने पार कर दिया है।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस प्र०नि० महेश चन्द्र मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गंगादीन पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम जोगापुर थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# देखते देखते जल गई किसानों की 40 बीघे खेत की फसल

## मीटिंग और आयोजन के नाम पर पीड़ित किसानों की सुध लेने की अधिकारियों को नहीं मिली फुर्सत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ग्रामसभा नारा में बुधवार की दोपहर अचानक किसानों के खेतों में आग लग गयी देखते-देखते तेज लपटों के साथ किसानों के खेत की फसलें जलने लगी चारों ओर हाहाकार मच गया आग की विकरालता बढ़ती जा रही थी सूचना देने के बाद भी अग्निशमन दल के यंत्र मौके पर नहीं पहुंच सके ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाना शुरू किया कई घंटे बीत गए लेकिन जिले का कोई अधिकारी भी किसानों की मदद के लिए घटनास्थल पर नहीं पहुंच सका तमाम अधिकारियों के मोबाइल स्विच ऑफ बता रहे थे जिससे अधिकारियों तक सूचनाएं नहीं पहुंच सकी और तमाम अधिकारियों के मोबाइल उनके कर्मचारी लिए घूम रहे थे और साहब को मीटिंग में बता कर बात करने से इंकार कर रहे थे इससे अग्निकांड की घटना की जानकारी अधिकारियों तक भी नहीं पहुंच सकी अधिकारी पूरे दिन मीटिंग में व्यस्त रहें एक तरफ किसानों के खेत की फसल जलती रही जिससे दर्जनों किसानों को भूखे मरने की नौबत आ गई है लेकिन देर रात तक किसानों का हाल लेने अधिकारी उनके घर नहीं पहुंच



खेत में जली फसल का दृश्य

सके हैं लंबी चौड़ी डींग हांकने वाले जनप्रतिनिधि भी किसानों की इस पीड़ा का दुख दर्द बांटने उनके घर नहीं पहुंचे हैं जिससे किसानों के चेहरे पर जहां मायूसी छाई हुई है वहीं किसानों में शासन प्रशासन के प्रति आक्रोश भी व्याप्त है बताया जाता है कि इस अग्निकांड की घटना में लगभग 40 बीघे खेत की फसलें जलकर खाक हो गई हैं इस अग्निकांड की घटना में हुए नुकसान का अनुमान 30 लाख रुपए लगाया जाता है किसानों के खेत में आग कैसे लगी यार रहस्य बरकरार रह गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पुलिस पहुंची है आग बुझने के बाद अग्निशमन दल गांव पहुंचा है और औपचारिकता निभाने के लिए बुझी आग पर पानी डालकर वापस लौट आया है। बताया जाता है कि ग्रामसभा नारा के मजरा गभीया पर निवासी राजकुमार रामप्रसाद रामनाथ गया प्रसाद भगवानदीन आदि लोगों की फसल इस विकराल अग्निकांड की घटना में जलकर खाक हो गयी इसी प्रकार मानपुर गौरा गांव के किसान रामलाल रामबली छेदीलाल महेश प्रसाद बच्ची लाल मोतीलाल सहित कई लोगों की फसल भी इस अग्निकांड की घटना में जलकर नष्ट हो गई है इसी प्रकार जुवरा निवासी गया प्रसाद प्रताप सिंह लवलेश कुमार रामबली आदि लोगों की फसल जलकर राख हो गई मौके पर सूचना मिलते ही पहुंचे हल्का लेखपाल अनुज सिंह ने आश्वासन दिलाया कि जितना भी जिसका नुकसान हुआ है उतना ही सब लोगों को रिपोर्ट बनाकर भेज दी जाएगी शासन से मुआवजा दिलाया जाएगा कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे सिराथू तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को आश्वासन देते हुए कहां है कि जितना भी नुकसान हुआ है सबको मैं अपने निष्ठा व ईमानदारी के साथ सब को मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा मौके पर दमकल कर्मी भी पहुंचे और नारा पुलिस की साथ में रही आग तकरीबन 12:00 बजे के पास लगी है दमकल कर्मियों के पहुंचने के पहले ग्रामीण व क्षेत्रीय लोगो ने आग बुझाने में मदद किया है।

## न्यूज झरोखा

### धूम धाम के साथ निकली गई भगवान राम की शोभा यात्रा



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के पूरब पश्चिम शरीरा नगर में विहिप के तत्वावधान में मंगलवार को श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने श्री राम की आरती पूजन कर यात्रा को प्रारम्भ कराया शोभायात्रा में कस्बा वासियो ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और इस दौरान डीजे की धुन पर नाचते हुए रामभक्तों पर नगर के लोगो ने जगह जगह पुष्प वर्षा की प्रभु श्रीराम के जयकारों से नगर क्षेत्र गूंजता रहा नगरवासियों की तरफ से सभी रामभक्तो के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की गई थी इस कार्यक्रम में भास्कर सिंह, विपिन केशरवानी, आकाश कौशल विकास सिंह, अन्नु कौशल, अंकुश केशरवानी, विनोद केशरवानी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात बच्चियों के माताओं को बेबी किट देकर किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनार्न्तगत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए जिला चिकित्सालय, मंझनपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 11 नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट एवं मिठाई आदि देकर सम्मानित किया गया तथा कन्या सुमंगला योजना से भी लाभान्वित किया गया इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि बेटा/बेटी में भेदभाव न करें। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी भी दी। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में स्टाफ नर्स आकांक्षा, पिंकी, दीक्षा, मनोरमा, चन्द्रप्रभा, एवं महिला शक्ति केन्द्र के महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक तथा नवजात बच्चियों के माता-पिता उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 03 वर्ष कारावास की सजा



**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट अंतर्गत 19.08.17 को वादी द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी की पुत्री के साथ अश्लील हरकत की गयी इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त ददुवा उर्फ राम प्रताप पुत्र मैकू निवासी घोधपुरवा थाना महेवाघाट को न्यायालय एडीजे-077 स्पे0 जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधो में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 03 वर्ष कारावास तथा 2500 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को 07 वर्ष कारावास की सजा



**कौशाम्बी।** थाना सैनी अंतर्गत 18.09.07 वादिनी द्वारा अपने साथ दुष्कर्म की सूचना दी गयी थी। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त फूलचन्द्र यादव पुत्र राम विशाल यादव निवासी अलादीनपुर टिकरी थाना सैनी को न्यायालय स्पे० जज एससी/एसटी एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग रोल के माध्यम से 07 वर्ष कारावास तथा 20 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों मो0 रिजवान पुत्र सब्बीर निवासी मितवापुर थाना संदीपनघाट व मो0 एजाज पुत्र बादशाह खान निवासी शिवगढ़ थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को सिरोही टोल प्लाजा के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल (वढ735938 प्लेटिना) व 2000 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा रात्रि गस्तावाहन चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों अभिमन्यु शर्मा पुत्र अमरेश शर्मा निवासी त्रिलोकपुर थाना सैनी आसिफ खान पुत्र हसीन खान निवासी गिरधरपुर गढी थाना कडाधाम व सोराब अली पुत्र अली हुसैन निवासी सैनी थाना सैनी को सैनी बस स्टैंड के पास से 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल (वढ71छ0346 होण्डा साइन, वढ78एश9806 रॉयल इनफील्ड) के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### सम्राट अशोक मंडल ने धूमधाम से मनाई अशोक जयंती



**कोखराज कौशांबी।** सम्राट अशोक जयंती समारोह का आयोजन जिले के कोखराज क्षेत्र में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए और सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया है कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजेश कुशवाहा ने किया है कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथियों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया वक्ताओं ने सम्राट अशोक के सिद्धांतों के बारे में लोगों को बताया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सिराथू लव-कुश मौर्या अमरनाथ सिंह पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक शिव मोहन मौर्या अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रतिभा कुशवाहा रामनरेश पासी तूफान सिंह रमेश चंद्र मौर्या विनोद कुमार चंद्रिका प्रसाद सूरज प्रसाद महेंद्र मौर्या रमेश मौर्या जितेंद्र मौर्या हरीश चंद्र राजीव विश्वकर्मा राम बहादुर गया प्रसाद अशर्फीलाल लालचंद कुशवाहा आरके सरोज छेदीलाल बौद्ध सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### भवंस मेहता महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी में 29 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर मंडलीय जन संपर्क अधिकारी अधिकारी, प्रयाग राज डॉ. पंकज कुमार, सीनियर लैब टेक्नीशियन, जिला चिकित्सालय मंझनपुर मोती लाल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मूरतागंज , डॉ. राहुल वर्मा ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं रक्तदान के बारे में जानकारी प्रदान की इस शिविर में बीस रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव के मार्ग निर्देशन में समस्त कार्यकलापों को सफलता पूर्वक निष्पादित किया गया। समन्वयन का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र अग्रहरि ने किया। इस शिविर में कौशाम्बी जनपद के महाविद्यालयों में सर्वाधिक रक्तदान का रिकॉर्ड भवंस मेहता महाविद्यालय द्वारा बनाया गया इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी, प्रो. श्वेता यादव डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विमलेश सिंह यादव, डॉ. सतीश कुमार तिवारी, डॉ. योगेश मिश्र डॉ श्रध्दा तिवारी डॉ. मो आदिल, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र, डॉ. अनुज कुमार तिवारी, डॉ. राहुल राय डॉ. महेंद्र उपाध्याय, डॉ. नीति मिश्रा दीपक कुमार पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# देवी मन्दिरों शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती पाठ देवी गायन एवं अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के सभी मंदिरों में अष्टमी के पावन पर्व पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही सुबह से ही मंदिरों में घंटे घड़ियाल और भक्ति मय गीतों से वातावरण मनमोहक बना रहा आरती पूजन कीर्तन भजन मां के जयकारे से वातावरण गूंज रहा था कई मंदिरों में भक्तों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। शासन के निदेर्शानुसार चैत्र नवरात्रि पर जनपद के चयनित सभी देवी मन्दिरों/शक्तिपीठों सहित अन्य मन्दिरों यथा-मां शीतला देवी कड़ाधाम, श्री दुर्गा देवी मंदिर मंझनपुर, मसुरिया देवी मंदिर, आनंदेश्वरी माता मन्दिर, राम-जानकी मन्दिर चरवा, महाबली बाबा मन्दिर कोतारी पश्चिम, दुर्गा मन्दिर खिजिरपुर कैलई तथा काली माता मन्दिर करारी आदि में दुर्गा सप्तशती पाठ/देवी गायन एवं अखण्ड रामायण पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं की भी सहभागिता रही। नवरात्रि के पावन पर्व पर दुर्गा मन्दिर ग्राम खिजिरपुर कैलई में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया इसी तरह महाबली बाबा मंदिर, कोतरी पश्चिम में नवरात्रि के पावन पर्व पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे काली माता मंदिर करारी में नवरात्रि के पावन पर्व पर दुर्गा सप्तशती का पाठ यज्ञ हवन पूजन आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सैकड़ों नगर वासियों ने नवरात्रि के पर्व पर पूजन हवन यज्ञ में शामिल होकर वातावरण को भक्ति मय बनाया।

## जला ट्रांसफार्मर न बदले जाने से नवरात्रि के पूजा पाठ में पड़ा बिघ्न

### 5 दिन से इटैला गांव में पूरी तरह से कायम है अंधेरा

**कौशांबी।** नवरात्रि के पावन पर्व पर भी ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत सप्लाई अधिकारी बहाल नहीं कर सके हैं मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत विदाव के मजरा इटैला में बीते 5 दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया है और बार-बार शिकायत के जाने के बाद भी विद्युत ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका है जिससे नवरात्रि के पावन पर्व की खुशियां ग्रामीणों की छीन गई है विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते 5 दिनों से गांव में अंधेरा कायम है एक तरफ योगी सरकार ने 24 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदलने का निर्देश दिया लेकिन योगी सरकार का निर्देश कौशांबी में लागू नहीं हो सका है नवरात्र के पावन पर्व पर भी पूरे गांव में अंधेरा रहने से भगवती जागरण दुर्गा माता के पूजा पाठ भक्ति गीत आदि कार्यक्रम गांव में आयोजित नहीं हो सके हैं लोगों ने ऐसी आशंका जाहिर की है कि कौशांबी के विद्युत अधिकारी हिंदू देवी देवताओं के विरोधी हैं जिससे वह नवरात्रि में पूजा पाठ करने में व्यवधान डाल देना चाहते हैं घटिया सोच के चलते विद्युत अधिकारियों ने 5 दिनों से विद्युत सप्लाई गांव में बहाल नहीं किया है कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है योगी सरकार के विद्युत हेल्पलाइन नंबर पर भी ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई लेकिन गांव में खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है जिससे ग्रामीणों में एक ओर जहां आक्रोश व्याप्त है वही विद्युत सप्लाई में बाधक अधिकारियों के कारनामों की जांच कर विद्युत अधिकारियों को दंडित किए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है सुरेश कुमार गोविंद लाल लीलावती मुन्नालाल सहित तमाम ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

## सांसद खेल स्पर्धा से वापस लौट रहे बच्चे सड़क दुर्घटना में घायल

### बच्चों के घायल होने की जानकारी मिलते ही महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष महिला शिक्षकों के साथ पहुंची जिला अस्पताल



**कौशाम्बी।** सांसद खेल स्पर्धा कौशाम्बी में प्रतिभाग करने के बाद बच्चे वापस लौट रहे थे लेकिन बच्चे घर पहुंचने के बजाय अस्पताल पहुंच गए हैं सड़क हादसे में 4 बच्चे घायल हो गए हैं घायल बच्चों का हाल-चाल लेने महिला शिक्षक संघ की टीम जिला अस्पताल पहुंची है लेकिन अन्य लोग बच्चों का हाल-चाल लेने नहीं पहुंच सके हैं। खेल शिक्षक हीरालाल एम कैथल के साथ 28 मार्च को सांसद स्पर्धा खेल से बच्चे वापस आ रहे थे।सायं लगभग 5 बजे टैक्टर-ट्रॉली से टकराने के कारण 4 बच्चे घायल हो गए है घायल बच्चो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है खेल से लौट रहे बच्चो के घायल होने की सूचना प्राप्त होते ही महिला शिक्षक संघ की कौशाम्बी जिलाध्यक्ष श्रीमती सोनी केसरवानी अपने संगठन की महिलाओं के साथ अस्पताल पहुंच कर घायल बच्चों का हाल चाल जाना,तथा बच्चों को फल तथा उचित खाद्य सामग्री भी वितरित कर हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया जिलाध्यक्ष के साथ जिला कोषाध्यक्ष मुन्नी देवी तथा जिला संगठन मंत्री मीरा यादव रजनी केसरवानी जिला महामंत्री भी साथ उपस्थित रही तथा बच्चों का कुशलक्षेम जाना।

## आपरेशन के दौरान डाक्टर की लापरवाही से पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की मौत, परिजनों ने किया अस्पताल में हंगामा

**कौशाम्बी।** सड़क दुर्घटना में घायल पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की इलाज में लापरवाही के चलते मंझनपुर समदा स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई है मंगलवार की सुबह डाक्टर ने जब परिजनों को मरीज की मौत की जानकारी दी तो परिजन अक्रोशित होकर हंगामा करने लगे।हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर छमामला शांत कराया।बताया जा रहा है कि मृतक पीडब्ल्यूडी में बेलदार के पद पर तैनात था,जो सड़क दुर्घटना के बाद कंधे का आपरेशन कराने के लिए खुद चलकर आए थे और अस्पताल में भर्ती हुए थे। मंझनपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव के रहने वाले रामप्रसाद पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड में बेलदार पद पर तैनात थे परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। एक बेटा सुनील बेटी रोमा की शादी हो चुकी है, जबकि सुनील और सीमा अविवाहित हैं। भाई शिव प्रसाद ने बताया कि बड़े भाई राम प्रसाद सड़क हादसे में शनिवार को घायल हो गए थे। उन्हें कंधे में चोट लगी थी। रविवार को रामप्रसाद खुद चलकर मंझनपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के डॉक्टरों ने राम प्रसाद की हालत गंभीर बताकर उसे भर्ती कर लिया। सोमवार की रात रामप्रसाद के कंधे का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान रामप्रसाद की मौत हो गई। अस्पताल के डॉक्टर ने मंगलवार की सुबह रामप्रसाद के मौत की खबर परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोग आक्रोशित हो गए। अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। परिवार के लोगों का आरोप है कि डॉ ने मरीज का गलत इलाज किया है,इलाज में लापरवाही की है, जिसके चलते उसकी मौत हो गई,मौत की वजह पूछने पर डॉक्टर उनसे माफी मांग रहे है। अस्पताल में हंगामे की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित लोगों को शांत कराकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कार्यवाही शुरू कर दी है। मंझनपुर थानाध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। परिवार की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## निरीक्षण में खामी मिलने पर आरआई पुलिस लाइन किए गए निलंबित

### एडीजी के निर्देश पर कोखराज थानेदार रमेश पटेल भी हुए निलंबित

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन और पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज का निर्देश मिलते ही एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने आरआई पुलिस लाइन एवं कोखराज इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है एडीजी एवं आईजी के निरीक्षण में पुलिस लाइन एवं कोखराज थाना परिसर में गंदगी मिली थी जिस पर दोनों पुलिस अधिकारियों का पारा गर्म हो गया था और कार्रवाई का निर्देश एसपी को दिया। एडीजी प्रयागराज जोन और पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज के निरीक्षण की जानकारी देने के बाद पर्याप्त समय देने के बाद भी पुलिस लाइन और कोखराज थाना की साफ-सफाई नहीं कराई गई थी लापरवाही के मामले को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया,08 मार्च को प्रयागराज एडीजी ने कोखराज थाना का निरीक्षण किया था 17 मार्च को आईजी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया था एडीजी एवं आईजी के निर्देश पर एसपी ने दोनों का निलबंन कर दिया है निलंबन की कार्रवाई से बिभाग में हड़कंप मच हुआ है।

## महिला शिक्षक संघ पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए दिया गया माला वा प्राधिकार पत्र

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महिला शिक्षक संघ ,कौशांबी की एक आफलाइन बैठक 27 मार्च को हुई ,जिसमें सभी पदाधिकारी उपस्थिति रही सोनी केशरवानी , महिला शिक्षक संघ कौशांबी जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों के लिए प्राधिकार पत्र वितरण सम्मान समारोह भी रखा जिसमें सभी पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए माला वा प्राधिकार पत्र दिया गया इस मौके पर उपस्थित शिक्षिकाओं ने कहा किय यही जज्बा रहा तो मुश्किलों का हल भी निकलेगा जमीं बंजर हुई तो क्या वहीं से जल भी निकलेगा ना हो मायूस ना घबरा अंधेरों से मेरे साथी इन्हीं रातों के दामन से सुनहरा कल भी निकलेगा। संगठन को मजबूती मिले व प्रगति की ओर हम सब अग्रसर हो इस पर भी गहन चर्चा



महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारी

परिचर्चा हुई जलपान की भी उचित व्यवस्था की गई इस मौके पर रजनी केशरवानी जिला महामंत्री रश्मि तारा-वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष,संगीता कुमारी- जिला उपाध्यक्ष, गीता देवी - जिला उपाध्यक्ष, सुधा गौड़-जिला उपाध्यक्ष, मीरा यादव -जिला उपाध्यक्ष, सुमन कुशवाहा- जिला उपाध्यक्ष, संध्या अवस्थी- जिला संगठन मंत्री,मुन्नी देवी- जिला कोषाध्यक्ष व शालिनी सिंह तोमर, जिला मीडिया प्रभारी सुनिष्ठा प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष मंझनपुर, नम्रता यादव -ब्लॉक महामंत्री मंझनपुर, तथा सुशीला सिंह -ब्लॉक अध्यक्ष चायल सम्मान से सम्मानित हुई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षिकाओं ने सहर्ष कार्यक्रम का समापन करते हुए आगे की रणनीति बनाते हुए कार्यक्रम सम्पन्न किया।

## विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान की डीएम ने की बैठक

### वार्डवार/ग्राम पंचायतवार कार्ययोजना बनाकर साफ-सफाई, फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिडकाव सुनिश्चित कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्राट उदयन सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एंव दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 एवं दस्तक अभियान दिनांक 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक संचालित की जायेंगी। संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियन्त्रण तथा इसका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकताओं में से है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ईओ0एवं डीपीआरओ को दिनांकवार एवं वार्डवार/ ग्राम पंचायतवार कार्ययोजना बनाकर साफ-सफाई, फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिडकाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि दस्तक अभियान के तहत आंगनवॉडी कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को संचारी रोगों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी कोई कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित विभागीय अधिकारी से सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत कराई जाय तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं सभी ईओ से कहा कि सड़कों पर घूम रहें निराश्रित गौवंशों को पकडवाकर गौशालाओं में संरक्षित किया जाय। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 01 अप्रैल को संचारी रोग नियंन्त्रण अभियान एवं स्कूल चला अभियान रैली संयुक्त रूप से निकाली जाय तथा इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ समय से पूर्ण कर लिया जाय तथा मुख्यालय स्तर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किंशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं सीएमएस सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नगर पंचायत प्रशासन ने शासन के निर्देश पर कराया रामचरित्र मानस का पाठ



**अझुवा कौशाम्बी।** योगी सरकार सभी जिलों के जिलाधिकारियों को धन उपलब्ध कराकर प्रमुख धार्मिक स्थानों मंदिरों में 22 मार्च से 30 मार्च तक चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा सप्तशती पाठ एवम रामचरित मानस पाठ कराने को आदेशित किया है सरकार की ओर से नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी जागरण,और भजन का आयोजन करा रही है। उसी क्रम में आदर्श नगर पंचायत अझुवा कार्यालय के सौजन्य से नगर पंचायत अझुवा के प्रख्यात मन्दिर राष्ट्रीय राजमार्ग हनुमान मंदिर में रामचरितमानस पाठ का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू कराया है नगर पंचायत अझुवा के वरिष्ठ लेखलिपिक साकेत चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया मन्दिर को भव्य रूप दिया गया है आज बुधवार सुबह अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया जिसका समापन गुरुवार 30 मार्च को होगी रामायण पाठ उपरांत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। विदित हो कि नगर पंचायत अझुवा मौजूदा समय भक्ति रस में डूबा हुआ है एक तरफ दीप पैलेस में अयोध्या धाम से आये प्रख्यात बालसंत अनुराग शरण महाराज एवम श्रद्धेयेय इंदुमती रामायणी के मुखारविंद से श्री राम कथा प्रेम यज्ञ और रुद्राभिषेक एवम तमाम धर्मिक झांकियों का आयोजन करवा अमृतमयी वर्षा हो रही है जिसे सुनने और देखने के लिए नगर पंचायत अझुवा एवम आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के नर नारी पहुंचकर दर्शन पूजन श्रवण कर भक्ति रस रूपी पान कर रहे हैं वहीं नगर में ही स्थित हनुमान मंदिर में हनुमत मानस मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रतिदिन आरती पूजन कर प्रसाद वितरण कर रहे है नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र पूर्ण रूप से भक्ति रस में डूबा हुआ है।

संपादकीय

## राम नाम सबसे बड़ा, इससे बड़ा न कोय !

**सुनील कुमार महला**

**माँ** आदिशक्ति दुर्गा को समर्पित त्योहार नवरात्रि हम सबने बाइस मार्च से तीस मार्च तक मनाया और 30 मार्च 2023 को हम सब रामनवमी का पवित्र त्योहार मना रहे हैं। रामनवमी भगवान राम के अवतरण का पावन दिवस है। चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्री राम ने जन्म लिया था, यही कारण है कि इस दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में यानी कि रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। 'राम' वास्तव में है क्या ? आज हमें यह जानने समझने की जरूरत है। वास्तव में, राम का अर्थ है 'प्रकाश'। किरण एवं आभा (कांति) जैसे शब्दों के मूल में राम है। यानी कि 'राम' 'प्रकाश' है, आभा है, कांति है। यदि हम राम शब्द का विन्यास करें तो यहाँ 'रा' का अर्थ है 'आभा' और 'म' का अर्थ है 'मैं: मेरा और मैं स्वयं'। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि राम का अर्थ है- 'मेरे भीतर प्रकाश, मेरे हृदय में प्रकाश।' हमारे शास्त्रों में लिखा है, रमन्ते योगिनः अस्मिन सा राम उच्यते अर्थात, योगी ध्यान में जिस शून्य में रमते हैं उसे राम कहते हैं। वास्तव में, भगवान राम ने संपूर्ण समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था, इसीलिए भगवान राम को 'भारत का आत्मा' भी कहा जाता है। भारतीय मनीषा ने 'राम' नाम को राष्ट्र का 'प्राण-तत्व' माना है। जानकारी देना चाहूंगा कि भगवान राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था। जिस वंश में भगवान राम का जन्म हुआ उस वंश का नाम इक्ष्वाकु वंश था। इस वंश की स्थापना सूर्य के पुत्र ने की थी पवित्र महाकाव्य रामायण के अनुसार, भगवान श्रीराम रानी कौशल्या के सबसे बड़े पुत्र, सीता(जानकीजी) के पति व लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न के भ्राता थे। श्री हनुमान जी(बजरंगबली) उनके परम भक्त कहलाते हैं। लंका के राजा रावण का वध भगवान श्रीराम ने ही किया था। वास्तव में, 'राम' शब्द संस्कृत भाषा की दो धातुओं क्रमशः 'रम्' और 'घम' से बना है। 'रम्' का अर्थ होता है- 'रमना या निहित होना' और 'घम' शब्द का अर्थ होता है-' ब्रह्मांड का खाली स्थान।' अर्थात राम का अर्थ होता है-' सकल ब्रह्मांड में निहित या रमा हुआ तत्व यानी इस चराचर में विराजमान स्वयं ब्रह्म।' युगों युगों से सनातनधर्मियों(सनातन धर्म मानने वाले) के बीच 'अभिवादन'(नमस्कार),' प्रणाम' के हर रूप में 'राम-राम' का प्रचलन यूं ही नहीं है। वास्तव में भगवान राम मर्यादा, आदर्श, विनय, विवेक और लोकतांत्रिक मूल्यों का पर्याय माने जाते हैं। भगवान राम को दशरथनन्दन, कोदंडधारी, रघु, राघव, सियापति, अयोध्यापति, अवधेश के नामों से भी जाना जाता है। हम जब भी किसी से कहीं भी मिलते हैं या किसी का अभिवादन करते हैं तो नमस्कार, प्रणाम या उसे(व्यक्ति विशेष को) राम-राम कहते हैं, क्यों कि अभिवादन करना, प्रणाम या नमस्कार करना हमारी संस्कृति का अभूतपूर्व व मूल अंग रहा है। लेकिन किसी को अभिवादन करते समय हम, या कोई भी व्यक्ति भगवान राम के नाम का उपयोग 2 बार करता है।आखिर भगवान राम का नाम लगातार दो बार लेने के पीछे का रहस्य क्या है, यह हमें जानने की आवश्यकता है। दरअसल, इसके पीछे एक वैदिक दृष्टिकोण माना जाता है। वैदिक दृष्टिकोण के अनुसार पूर्ण ब्रह्म का मात्रिक गुणांक 108 है। यह 'राम-राम' शब्द दो बार कहने से या उच्चारण करने मात्र से पूरा हो जाता है,क्योंकि हिंदी वर्णमाला में ''र 27वां अक्षर है।'आ' की मात्रा दूसरा अक्षर और 'म' 25वां अक्षर, इसलिए सब मिलाकर जो योग बनता है वो है 27 + 2 + 25 = 54, अर्थात एक राम का योग 54 हुआ। और दो बार राम राम कहने से 108 हो जाता है जो पूर्ण ब्रह्म का द्योतक है। जब भी हम कोई जाप करते हैं तो हमे 108 बार जाप करने के लिए कहा जाता है। लेकिन सिर्फ राम-राम कह देने से ही पूरी माला का जाप हो जाता है। बहरहाल, आज के समय में हमें भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है, क्यों कि विषम परिस्थितियों में भी भगवान राम नीति सम्मत रहे, उन्होंने मयार्दाओं का पालन किया और मयार्दा पुरूषोत्तम कहलाए। उन्होंने वेदों और मयार्दा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। उन्होंने जीवन में हमेशा न्याय और सत्य का साथ दिया और कठिनाइयों के पथ पर चलते हुए भी धैर्य और सहनशीलता का परिचय समाज को दिया। वे धैर्य, सादगी, संयम की प्रतिमूर्ति थे। भगवान श्रीराम कितने सहनशील व धैर्यवान थे, इस बात का पता हमें इस बात से चलता है कि माता कैकेयी की आज्ञा से उन्होंने वन में चौदह वर्ष वनवास काटा। राजा होते हुए भी उन्होंने अत्यंत ही सादगी से संन्यासी की भांति जीवन बिताया। वे दयालु, क्षमाशील और बेहतर स्वामी थे। उन्होंने सुग्रीव को राज्य, हनुमान, जाम्बवंत व नल-नील को भी उन्होंने समय-समय पर नेतृत्व करने का अधिकार दिया।केवट हो या सुग्रीव, निषादराज या विभीषण। हर जाति, हर वर्ग के मित्रों के साथ भगवान राम ने दिल से करीबी रिश्ता निभाया। भगवान राम बेहतर प्रबंधक थे,जैसा कि उनकी सेना ने पत्थरों का सेतु बना लिया था।भगवान राम के तीन भाई लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न सौतेली मां के पुत्र थे, लेकिन उन्होंने सभी भाइयों के प्रति सगे भाई से बढ़कर त्याग और समर्पण का भाव रखा और स्नेह दिया। यही वजह थी कि भगवान राम के वनवास के समय लक्ष्मण उनके साथ वन गए और राम की अनुपस्थिति में राजपाट मिलने के बावजूद भरत ने भगवान राम के मूल्यों को ध्यान में रखकर सिंहासन पर रामजी की चरण पादुका रख जनता को न्याय दिलाया। यहाँ यह भी बताता चलूं कि भगवान राम को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, उनके भाई लक्ष्मण को शेषनाग का अवतार जबकि भरत और शत्रुघ्न को क्रमशः भगवान विष्णु द्वारा हाथों में धारण किए गए सुदर्शन-चक्र और शंख-शैल का अवतार माना जाता है। यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भगवान राम का सीता से विवाह एक स्वयंवर के माध्यम से हुआ था, लेकिन बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि स्वयंवर में भगवान शिव के धनुष का नाम 'पिनाक' था। ऐसा माना जाता है कि वनवास के 14 वर्षों के दौरान अपने भाई और भाभी की रक्षा करने के उद्देश्य से लक्ष्मण कभी सोते नहीं थे' इसके कारण उन्हें गुदाकेश के नाम से भी जाना जाता है। कहते हैं कि लक्ष्मण की सलाह पर निद्रा देवी उर्मिला के पास पहुंची थी और उर्मिला ने लक्ष्मण के बदले सोना स्वीकार कर लिया था और पूरे 14 वर्षों तक सोती रही थी। जानना रूचिकर होगा कि राम, लक्ष्मण और सीता वनवास के दौरान जिस जंगल में रूके थे उसका नाम 'दंडकारण्य' था। 'दंडकारण्य' में दंड का अर्थ सजा देना और अरण्य का अर्थ वन है। अंत में यही कहना चाहूंगा कि भगवान राम का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।

# बल, बुद्धि और सिद्धि के सागर हैं हनुमान

**ललित गर्ग**

**आधुनिक** समय के सबसे जागृत, सिद्ध, चमत्कार घटित करने वाले एवं अपने भक्तों के दुःखों को हरने वाले भगवान हनुमान हैं, उनका चरित्र अतुलित पराक्रम, ज्ञान और शक्ति के बाद भी अहंकार से विहीन था। यही आदर्श आज हमारे लिये प्रकाश स्तंभ हैं, जो विषमताओं से भरे हुए संसार सागर में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि असंभव लगने वाले कार्यों में भी जब हनुमानजी ने विजय प्राप्त की तब भी उन्होंने प्रत्येक सफलता का श्रेय सो सब तव प्रताप रघुराई कहकर अपने स्वामी को समर्पित कर दिया। पूरी मेहनत करना पर श्रेय प्राप्ति की इच्छा न रखना सेवक का देव दुर्लभ गुण होता है, जो उसे अन्य सभी सद्गुणों का उपहार दे देता है। यहीं हनुमानजी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। हनुमान जयन्ती एक हिन्दू पर्व है। यह चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था यह माना जाता है। हनुमानजी को कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवताओं में से एक माना जाता है। विष्णुजी के अवतार के रूप में श्रीराम अवतरण हुआ। रावण ने अपने कठोर साधना से दिव्य शक्तियां प्राप्त की और अपने मोक्ष प्राप्ति हेतु शिवजी से वरदान माँगा। तब शिवजी ने श्रीराम के हाथों मोक्ष प्रदान करने हेतु लीला रची। शिवजी की लीला के अनुसार उन्होंने हनुमान के रूप में जन्म लिया ताकि रावण को मोक्ष दिलवा सकें। इस कार्य में रामजी का साथ देने हेतु स्वयं शिवजी के अवतार हनुमानजी आये थे, मंगलकर्ता एवं विघ्नहर्त्ता हनुमानजी सदा के लिए अमर हो गए। रावण के वरदान के साथ साथ उसे मोक्ष भी दिलवाया। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक, सार्वदैशिक एवं सार्वकालिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। श्रीराम के प्रति हनुमानजी की अपार श्रद्धा, विश्वास और सम्मान के प्रति समर्पण अतुल्य था। उनकी अनुपस्थिति में भी उनके मान की रक्षा का उन्होंने ध्यान रखा। जब रावण की सोने की लंका को जलाकर हनुमानजी दोबारा माता सीता से मिलने पहुंचे, तो सीताजी ने कहा- पुत्र, हमें यहां से ले चलो। इस पर हनुमानजी ने कहा कि हे माता! मैं आपको यहां से अभी ले जा सकता हूं, पर मैं नहीं चाहता कि मैं आपको रावण की तरह यहां से चोरी से ले जाऊं। रावण का वध करने के बाद ही प्रभु श्रीराम आदर सहित आपको ले जाएंगे। इन्हीं गुणों के बलबूते हनुमानजी ने अष्ट सिद्धियों और सभी नव निधियों की प्राप्ति की। इन्हीं उत्कृष्ट विलक्षणताओं एवं सिद्धियों के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। निश्चित ही हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिए विश्ववेदसम् शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए बुद्धिमतां वरिष्ठं कहना पूर्ण युक्ति संगत है। रामचरितमानस में भी उनके लिए अतुलित बलधामं तथा ज्ञानिनामग्रगण्यम इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। आज के समय में हनुमानजी की छवि सिर्फ एक बलशाली देवता के रूप में स्थापित कर दी गई है। जबकि वे बलवान तो थे ही परंतु अपने बल का कहां और कैसे उपयोग करना है वे बहुत अच्छे से जानते थे। इस दृष्टि से वे तीक्ष्ण बुद्धिमान, विवेकवान एवं चतुर थे। हनुमान जी के चातुर्य होने पर किसी भी प्रकार की कोई शंका नहीं होनी चाहिए। क्योंकि वाल्मीकि रामायण से लेकर रामचरित मानस तक सभी ग्रथों में हनुमान जी को बलवान होने के साथ-साथ बुद्धिमान एवं चतुर होने के भी प्रमाण मिलते हैं। प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी। तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यों को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में श्रीराम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में श्रीराम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिए थे। हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा।

हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे। हम संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा की भावना के अनुरूप प्रार्थना करते हैं कि संकटमोचन हनुमानजी संपूर्ण विश्व की इन राजनीतिक प्रदूषणों, अराजकता, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से रक्षा करें।



**हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे**

# प्राचीन शक्ति पीठ है जीण माता मंदिर

**रमेश सर्राफ**

**हमारे** देश में दुर्गा मां को शक्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा मां के कई रूप और अवतार हैं। पूरे भारत में नवरात्रा के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है। आस्था से भरे इस देश में माता का स्थान सबसे ऊपर है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार है। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है। जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्ति पीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व वाममार्गियों की मूर्तियां लगी है। जिससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा है या उनकी यह साधना स्थली रही है। मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है। लोगों का मानना है कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख लगे हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। उपरोक्त शिलालेखों में सबसे पुराना शिलालेख संवत 1029 का है। जिस पर उसमें मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। इसलिए यह मंदिर उससे भी अधिक प्राचीन है। चैहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर का 9 वीं शताब्दी से पूर्व के आधार मिलते हैं। लोक कथाओं के अनुसार जीण माता का जन्म अवतार राजस्थान के चूरू जिले के घांघू गांव के अधिपति एक चौहान वंश के राजा घंघ के घर में हुआ था। जीण माता के बड़े भाई का नाम हर्ष था। माता जीण को शक्ति का अवतार माना गया है और हर्ष को भगवान शिव का अवतार माना गया है। कहते हैं कि दोनों बहन भाइयों में बहुत स्नेह था। लेकिन किसी बात पर दोनों मनमुटाव हो गया। तब जीण माता यहां आकर तपस्या करने लगी। पीछे-पीछे हर्षनाथ भी अपनी लाडली बहन को मनाने के लिए आए। लेकिन जीण माता जिद कर साथ जाने से मना कर दिया। हर्षनाथ का मन बहुत उदास हो गया और वे भी वहां से कुछ दूर जाकर तपस्या करने लगे। दोनों भाई बहन के बीच हुई बातचीत का सुलभ वर्णन आज भी राजस्थान के लोक गीतों में मिलता है। भगवन हर्षनाथ का भव्य मन्दिर आज भी राजस्थान की अरावली पर्वतमाला में स्थित है। एक जनश्रुति के अनुसार देवी जीण माता ने सबसे बड़ा चमत्कार मुगल बादशाह औरंगजेब को दिखाया था। औरंगजेब ने शेखावाटी के मंदिरों को तोड़ने के लिए एक विशाल सेना भेजी थी। यह सेना हर्ष पर्वत पर शिव व हर्षनाथ भैरव का मंदिर खंडित कर जीण मंदिर को खंडित करने आगे बढ़ी तो कहते है कि मन्दिर के पुजारियों के आर्त स्वर में मां से विनय करने पर मां जीण ने भंवरे (बड़ी मधुमखियां) छोड़ दी जिनके आक्रमण से औरंगजेब की शाही सेना लहूलुहान हो भाग खड़ी हुई।

कहते है स्वयं बादशाह की हालत बहुत गंभीर हो गई। तब बादशाह ने हाथ जोड़ कर मां जीण से क्षमा याचना कर मां के मंदिर में अखंड दीप के लिए दिल्ली से सवामण तेल भेजने का वचन दिया। कई वर्षो तक माता के मन्दिर में दीपक के लिये दिल्ली से तेल आता रहा फिर दिल्ली के बजाय जयपुर से आने लगा। बाद में जयपुर महाराजा ने इस तेल को मासिक के बजाय वर्ष में दो बार नवरात्रों के समय भिजवाना आरम्भ कर दिया। और महाराजा मान सिंह जी के समय तेल के स्थान पर नगद 20 रु. 3 आने प्रतिमाह कर दिए। जो निरंतर प्राप्त होते रहे । औरंगजेब को चमत्कार दिखाने के बाद जीण माता भंवरों की देवी भी कही जाने लगी। । जीण माता देवी शक्ति है जो सदियों से लेकर आज तक लगातार आराध्य देवी के रूप में पूजी जाती हैं। जीण माता मंदिर में हर वर्ष चैत्र सुदी एकम् से नवमी (नवरात्रा में) व आसोज सुदी एकम से नवमी में दो विशाल मेले लगते हैं। जिनमे देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। जीणमाता मेले के अवसर पर राजस्थान के बाह्य अंचल से भी अनेक लोग आते हैं। मन्दिर में बारह मास अखण्डदीप जलता रहता है। जीण भवानी की सुबह चार बजे मंगला आरती होती है। आठ बजे श्रृंगार के बाद आरती होती है व सायं सात बजे आरती होती है। दोनों आरतियों के बाद भोग (चावल) का वितरण होता है। माता के मन्दिर में प्रत्येक दिन आरती समयानुसार होती है।

चन्द्रग्रहण और सूर्य ग्रहण के समय भी आरती अपने समय पर होती है। हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी को विशेष आरती व प्रसाद का वितरण होता है। माता के मन्दिर के गर्भ गृह के द्वार (दरवाजे) 24 घंटे खुले रहते हैं। केवल श्रृंगार के समय पर्दा लगाया जाता है। हर वर्ष शरद पूर्णिमा को मन्दिर में विशेष उत्सव मनाया जाता है।





# इजरायल से उम्मीद की किरण

**रक्षा,** अनुसंधान, खुफिया तंत्र, तमाम लिहाज से दुनिया में अग्रणी और मजबूत माने जाना वाला देश इजरायल इस वक्त असुरक्षा के खतरे से जूझ रहा है। दरअसल इजरायल की सड़कों पर वहां की जनता सरकार के खिलाफ उतर आई है और इस विरोध प्रदर्शन में जनता के साथ रिजर्व सेना के लोग भी उतर आए हैं। वे कार्य पर नहीं जा रहे हैं। इससे इजरायल की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। यह सब न्यायपालिका की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हो रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हुए हैं। वे सत्ता में तो आ गए हैं, लेकिन उनकी सरकार न्यायपालिका में बदलाव लाने वाले न्यायिक सुधार कानूनों को लाने की तैयारी में थी। इसका विरोध करने वालों की आशंका है कि इन के लागू होते ही न्यायपालिका के अधिकार कम हो जाते। इजरायल की संसद के पास साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को रद्द करने की शक्ति होती, मौजूदा सरकार को बिना किसी डर के कानून पारित करने की ताकत मिल सकती थी और सबसे बड़ी बात कि इस कानून का उपयोग प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर चल रहे मुकदमों को खत्म करने के लिए भी किया जा सकता था। बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले साल नवंबर में बड़ी मुश्किल से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 2021 के जून में उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों के कारण पद छोड़ना पड़ा था। नेतन्याहू सरकार ने जैसे ही न्यायिक सुधार कानून लाने की तैयारी तेज की, इजरायल की जनता सड़कों पर उतर आई। बेंजामिन नेतन्याहू के लिए बीबी घर जाओ के नारे लगने लगे, बीबी नेतन्याहू का प्रचलित नाम है। नेतन्याहू के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी इन विरोध प्रदर्शनों की अगुआई कर रहे हैं, लेकिन इसमें उनके साथ नेतन्याहू के कई समर्थक, श्रम संगठन और रिजर्व सेना के लोग भी आ गए हैं। विरोधियों का कहना है कि सरकार ने न्यायपालिका से जुड़े कानून में जो बदलाव की कोशिश की है उनसे देश के लोकतंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। सरकार न्यायिक व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है। जबकि देश में इसका इतिहास सरकारों पर अंकुश लगाए रखने का रहा है। इजरायल के कई बड़े शहरों में विरोध का दायरा बढ़ता गया और आखिरकार बेंजामिन नेतन्याहू को कहना पड़ा कि वह विवादास्पद बन चुके इन न्यायिक सुधार कानूनों पर अस्थायी रूप से रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब बातचीत के माध्यम से गृहयुद्ध से बचने का विकल्प होता है, तो मैं बातचीत के लिए समय निकाल लेता हूं। यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। इस ऐलान के बाद अब सड़कों से विरोधी लौटने लगे हैं और इसे लोकतंत्र की बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। कोई भी देश सच्चे अर्थों में तभी लोकतांत्रिक रह सकता है, जब वहां सत्ता पर अंकुश लगाने की व्यवस्था हो। इस व्यवस्था को स्वतंत्र न्यायपालिका, मजबूत विपक्ष और जनतांत्रिक अधिकारों से ही बनाया जा सकता है। इनमें से कोई भी पक्ष कमजोर हो तो लोकतंत्र पर आंच आने लगती है, सत्ता के निरंकुश होने का खतरा बढ़ने लगता है। इजरायल में नेतन्याहू ने इसी तरह निरंकुश होने का रास्ता बनाने की तैयारी की थी, लेकिन जनता, विपक्ष और सत्ता के साथ खड़े कुछ लोगों ने ही मिलकर इस रास्ते को बनने से रोक दिया। क्योंकि वे इसके बाद भविष्य के खतरों को भांप रहे हैं। लोकतंत्र में जब एक बार मनमाने आचरण की छूट मिल जाए, तो फिर तानाशाही को रोकना कठिन हो जाता है। जर्मनी जैसे देशों ने तानाशाही का क्या खामियाजा भुगता है, यह दुनिया ने देखा है। अभी उत्तर कोरिया में सत्ता की यही सनक लोगों पर भारी पड़ रही है, जहां शासक किम जोंग ने 2 लाख से अधिक आबादी वाले शहर हेसन में सिर्फ इस बात के लिए कड़ा लॉकडाउन लगा दिया ताकि सैनिकों ने असॉल्ट राइफल की जो 653 गोलियों हाल ही में खोई हैं, उनकी तलाश की जा सके। कुछ सौ गोलियों के लिए 2 लाख लोगों को बंधक बनाने का यह फैसला अगर एक देश का तानाशाह कर सकता है, तो निरंकुशता की ओर बढ़ रहे बाकी देश कब तक ऐसे किसी सनक वाले फैसले से बच पाएंगे, ये ख्याल ही डराता है। दुनिया के कई देशों में शासकों ने अपने मन की बातें लोगों पर थोपी हैं।

## मूत्र विसर्जन का पावन दृश्य

**डॉ. सुरेश कुमार**

मैं दर्शकों को बताना चाहूँगा कि हमारे सामने एक बड़ी ब्रेकिंग न्यूज आ रही है। न्यूज ऐसी वैसी भी नहीं एकदम खास आदमी की है, जिसकी एक झलक पाने के लिए देश का मीडिया उसके पीछे पड़ा है लेकिन वह किसी के हाथ नहीं आ रहा है। मैं बताना चाहूँगा कि हमारे संवाददाता माइकघुसिया कुमार जीरो ग्राउंड लेवल की रिपोर्टिंग करते हुए हमारे लिए एक से बढ़कर एक खबर हम तक पहुँचा रहे हैं। चलिए उन्हीं से पता लगाते हैं कि वे क्या ब्रेक्रिंग न्यूज बताने वाले हैं। नीचे चड्डी और ऊपर से एक ऐसा कोट, जिसे पिछले एक महीने से धोया नहीं गया है, को पहने हुए स्टूडियो के न्यूज एंकर ने चिल्लाते हुए कहा। माइकघुसिया कुमार अपना माइक संभालते हुए आँखें फाड़-फाड़कर कहने लगे, चिपकु कुमार जी धन्यवाद! जैसा कि आप देख सकते हैं कि मैं एक ऐसी जगह पर खड़ा हूँ जहाँ एक खास व्यक्ति के दर्शन होने वाले हैं। मैं आपको और अपने दर्शकों को बता दूँ कि यह दृश्य एकदम एक्सक्लूसिव है। इसे हमने अपनी जान को जोखिम में डालकर बड़ी मुश्किल से शूट किया है। आप ठीक मेरे पीछे देख सकते हैं कि एक बंदा मूत्र विसर्जन करते हुए दिखाई दे रहा है। उसके चारों ओर पुलिस वालों का जत्था खड़ा है। यह कोई ऐसा वैसा मूत्र विसर्जन नहीं है। मैं बड़े दिनों से उस बंदे की तलाश में था। इसके लिए मैंने दिन-रात एक कर दी। तब कहीं जाकर मुझे उसके दीदार हुए हैं। वह भी दूर से। उसमें भी केवल उसका मूत्र विसर्जन का दृश्य। यह कोई सामान्य मूत्र नहीं है। यह बहुत खास है।

# राजेश पाण्डेय-मुमताज के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज

## रामदुलारी ने लिखाई रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी में गोला बाजार की रामदुलारी पत्नी भोला प्रसाद ने 156(3) के तहत कोतवाली कर्वी के माफीकर्वी की मुमताज बेगम पत्नी मोहम्मद बक्श व राजेश पाण्डेय पुत्र स्व बद्री प्रसाद के नाम जालसाजी की गम्भीर धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ज्ञात है कि कोतवाली कर्वी के गोला बाजार की रामदुलारी पत्नी भोला प्रसाद का गोला बाजार स्थित मकान का मुकदमा सीनियर डिवीजन की अदालत में चल रहा है। मुकदमे के वकील रुद्र प्रसाद मिश्र एड हैं। उनकी पहल पर 156(3) के तहत रामदुलारी ने कोतवाली कर्वी में 25 मार्च को लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि मुमताज बेगम पत्नी मोहम्मद बक्श व राजेश पाण्डेय पुत्र स्व बद्री प्रसाद निवासी कवीर्माफी ने मकान बाबत वाद दायर किया है। पीडिता जिस मकान में रहती है, वह मकान नगर पालिका परिषद कर्वी में मुमताज बेगम पत्नी रहीम बक्श के नाम दर्ज है। 13 जुलाई 2022 को मुमताज बेगम पत्नी मोहम्मद बक्श ने विवादित मकान की नक्शा नजरी बनाने गये अमीन अदालत को 15 जनवरी 2022 को न्यायालय में पेश किया है। उसमें राजेश पाण्डेय व मुमताज बेगम पत्नी बद्री प्रसाद के हस्ताक्षर हैं। आरोपी राजेश पाण्डेय पुत्र बद्री प्रसाद ने साजिश करके मुमताज बेगम पत्नी मोहम्मद बक्श से 15 जुलाई 2022 को सीजेएम कर्वी न्यायालय में एक मामला मुमताज बेगम बनाम भोला प्रसाद रैकवार आदि झूंठे तथ्यों पर पेश किया है। जिसमें मुमताज बेगम पत्नी मोहम्मद बक्श ने ये लिखा कि विवादित मकान को 30 जून 1959 को बच्चूगिरि से खरीदा है। जानबूझकर ये तथ्य छिपा लिया कि ये मकान मुमताज बेगम पत्नी रहीम बक्श ने खरीदा था। जबकि राजेश पाण्डेय ने उसे गम्भीर मामला में पढाने को मुमताज बेगम पत्नी मोहम्मद बक्श के नाम से पांच अगस्त 2022 को उसके खिलाफ जालसाजी की गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

पीडिता ने कहा कि आरोपी राजेश पाण्डेय पुत्र बद्री प्रसाद व मुमताज बेगम पत्नी मोहम्मद बक्श खडा करके झूंठा मामला दर्ज कराया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुमताज बेगम व राजेश पाण्डेय के खिलाफ धारा 388, 419, 420, 467, 468, 471 व 120बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की विवेचना कोतवाली के दरोगा विनय विक्रम सिंह को सौंपी गई है।

# पुलिस को साथ लेकर मेडिकल स्टोरों में मारें छापे: डीएम

## मादक पदार्थों की बिक्री रोकने को प्रशासन मुस्तैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव से आम जनता को जागरूक करने की गरज से जिला स्तरीय समिति एवं उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जिला संचालन समिति स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा से कहा कि उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष की पत्रावलियां नोडल अधिकारी के पास है। उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डीएम अभिषेक आनन्द ने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि जो मामले विवेचना के लंबित हैं। उन्हें संबंधित अधिकारियों से निस्तारित कराएं, ताकि पीड़ित परिवारों को लाभ मिल सके। जिला प्रोवेशन अधिकारी से कहा कि पास्को एक्ट के मामले में अपर जिलाधिकारी, एएसपी व संयुक्त निदेशक अभियोजन के साथ बैठक करके रिपोर्ट पेश करें, ताकि मामलों का निस्तारण हो सके। जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि नशा मुक्ति को केन्द्र व प्रदेश सरकार के निर्देश हैं कि



प्रत्येक माह बैठक कराकर नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के सेवन से हानि के बारे में प्रचार-प्रसार करायें। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ तालमेल बनाकर विद्यालय वार नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जाये। नशा मुक्ति केंद्र खोलने को शासन से पत्राचार किया जाए।

एडीएम से कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर के साथ कमेटी बनाकर मेडिकल स्टोर पर कप, सीरप व नशीली दवाओं का निरीक्षण करायें। खासतौर पर विद्यालयों के आसपास की दुकानों पर छापामारी की जाये। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर के साथ सभी मेडिकल स्टोरों की जांच करायें। साथ में पुलिस को भी लिया जाए।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा, डीईओ राजेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, एसीएमओ डॉ आरके चैरिहा, सीएमएस डॉ सुधीर कुमार, डीआईएसओ देवेंद्र स्वरूप समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर पर अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**महराजगंज।** इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर बुधवार को एक अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया गया। उस पर पासपोर्ट में कूटरचना कर वीजा डेट को परिवर्तित करने का आरोप है। वह सोनौली के रास्ते पड़ोसी देश नेपाल में घुसने की फिराक में था।इसकी पहचान अमेरिकी नागरिक इरिक डेनियल बिकविथ न्यूयॉर्क के रूप में हुई है। आव्रजन विभाग के अधिकारी शब्बीर कुमार के अनुसार बुधवार की दोपहर 12 बजे के बाद न्यूयार्क का रहने वाला इरिक डेनियल बिकविथ नाम का शख्स गिरफ्तार हुआ है। उसने अपने पासपोर्ट के समाप्त होने के बाद उसे एक मोबाइल ऐप के जरिये फर्जी तरीके से तैयार कर लिया था और भारत से नेपाल भागने की फिराक में था।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस पर फायरिंग करने वाले को 5 साल की कैद ,15 हजार अर्थदंड, विशेष न्यायधीश ने सुनाया निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील सिंह ने बताया कि बीती 19 दिसम्बर 2008 को तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव अपहरण के मामले अफहत को मुक्त कराने के लिए क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर उन्होंने तत्कालीन मारकुण्डी थाना प्रभारी को भी बताया और बदमाशों की घेरेबन्दी की। पुलिस द्वारा घेरेबन्दी किए जाने पर अपहरण करने वाले बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। हालाकि इस दौरान पुलिस ने अपहत कोडरिया निवासी बाबूलाल को मुक्त करा लिया और बदमाश मौके से भाग निकले। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने बांदा जिले के कमासिन थाने के तेरा गांव के निवासी लवकुश यादव पुत्र मंगल यादव के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपहरण, हत्या के प्रयास एवं दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम के तहत दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने आरोपी लवकुश यादव को पांच वर्ष कारावास एवं 15 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। न्यायालय के निर्णय के बाद आरोपी को सजा भुगतने के लिए जिला कारागार भेज दिया गया।

### मैराथन दौड में अव्वल आई सिपाही गुडिया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस लाइन में महिला पुलिस कर्मी की मैराथन दौड हुई। पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वावधान में प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह की मौजूदगी में मैराथन दौड हुई।

बुधवार को प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह की मौजूदगी में पुलिस लाइन परिसर में महिला पुलिस कर्मी की मैराथन दौड में पहला स्थान सिपाही गुडिया थाना बहिलपुरवा ने हासिल किया। दूसरा स्थान सिपाही करुणा सेंगर कोतवाली कर्वी व तीसरा स्थान मानिकपुर थाने में तैनात सिपाही नीलम यादव ने प्राप्त किया।

प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह ने महिला पुलिस कर्मियों को पुरस्कार बांटकर उत्साहवर्धन किया।

### मानिकपुर में हादसे में महिला समेत बुजुर्ग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे में एक महिला समेत एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। ये हादसा मानिकपुर थाना क्षेत्र के सरैंया चैकी क्षेत्र के बाई के कुआ के पास बुधवार को हुआ। बताया गया कि गीता पत्नी सुधीर कुमार निवासी महावीरनगर जो सडक पार कर रही थी। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरबाइक ने महिला को ठोकर मार दी। इससे महिला मौके पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। पति सुधीर घायल महिला को प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर दशा के चलते जिला अस्पताल रेफर किया है।

इसी क्रम में दूसरा हादसा सकरौहा गांव का है। रामू निवासी रानीपुर अपनी दवा करवाकर मोटरबाइक से रानीपुर जा रहा था। तभी सकरौहा के पास अचानक बाइक के सामने गौवंश आ गई। जिसे बचाने के फेर में बाइक सवार बेकाबू होकर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अज्ञात महिला की ट्रेन से कटने से हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर जीआरपी थाने के शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मृत्यु की सूचना पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है।

ये हादसा मंगलवार को देर शाम मानिकपुर जीआरपी थाना क्षेत्र के शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन का है। लगभग 60 वर्षीय अज्ञात महिला की किसी ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई। शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक ने मेमो से सूचना मानिकपुर जीआरपी को दी। सूचना मिलने बाद मौके पर पहुंची मानिकपुर जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है। मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन से मेमो से सूचना मिली थी कि अज्ञात महिला का शव रेलवे ट्रैक में पड़ा हुआ है।

## फटाफट खबरें

### बनारस से गिरफ्तार शाहबाज ने खोली पोल, और भी नाम आ सकते हैं सामने: डीआईजी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में माफिया मुख्तार अंसारी, बहू निखत बानो व पुत्र अब्बास की मदद को छह माह में पौने दो करोड़ रुपये खर्च किए गए। इस लेनदेन का कोई हिसाब किताब नहीं है। हवाला और शेल कंपनियों की मदद से रकम दी जा रही है।

बुधवार को वाराणसी से गिरफ्तार शाहबाज आलम से पूंछताछ में ये जानकारी सामने आई। जांच एजेंसियों ने ईडी व आयकर अधिकारियों से मदद मांगी है। विधायक अब्बास व उसकी पत्नी निखत के मददगारों को नकदी और महंगे गिफ्ट दिलाने को ऑनलाइन रुपये उपलब्ध कराने का जिम्मा शाहबाज का ही था। मुख्तार व अब्बास के बही खाते का हिसाब शाहबाज रखता था। उसने दो बेनामी खातों से छह माह में 92 लाख व 87 लाख रुपये ट्रांसफर किए हैं। इन बेनामी कंपनियों के अलावा कुछ शेल कंपनी भी मिली हैं, इसमें कैश जमा कर आपराधिक गतिविधियों के लिए इधर-उधर भेजा गया है।

शेल कंपनियां कागजों पर बनी ऐसी कंपनियां होती हैं, जो किसी तरह का आधिकारिक कारोबार नहीं करतीं। इन कंपनियों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जाता है। इनमें केवल कागजों पर एंट्री दर्ज की जाती है। इसी प्रकार हवाला का मतलब नकद लेनदेन से होता है।

डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि जेल प्रकरण में अब तक पकड़े गए मददगारों के अलावा नकदी व अन्य महंगे गिफ्ट का प्रलोभन देने वाला रैकेट हो सकता है। वाराणसी से एक एकाउंटेंट के पकड़े जाने के बाद इस बात को बल मिला है कि यह रैकेट दिल्ली तक है। अभी और नाम सामने आ सकते हैं

### आपसी भाईचारे से मनायें रामनवमी पर्व: एएसपी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनवमी पर्व को धूमधाम से मनाने के मद्देनजर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय एवं सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा की मौजूदगी में रामनवमी आयोजकों के साथ बैठक की। बैठक में एएसपी ने रामनवमी जुलूस बाबत निर्देश दिये। बुधवार को कोतवाली कर्वी में रामनवमी आयोजकों के साथ बैठक कर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि जुलूस निर्धारित रास्तों से ही होकर गुजरेगा। जुलूस में पुलिस कर्मी बराबर मौजूद रहेंगे। जुलूस दौरान किसी की भावनाओं को ठेंस पहुंचाने बाबत नारेबाजी नहीं की जायेगी। शान्तिपूर्ण ढंग से रामनवमी का जुलूस निकाला जायेगा। रामनवमी का पर्व शान्तिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ सभी लोग मिलकर मनायें। गोष्ठी में शहर के गणमान्य लोगों के साथ अतिरिक्त निरीक्षक कोतवाली कर्वी प्रभुनाथ यादव आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्र की अगुवाई में दरोगा रामवीर सिंह ने गोलू उर्फ लंगर पुत्र बब्बू सोनकर निवासी हनुमानगंज के कब्जे से एक किलो छह सौ ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। टीम में दरोगा के साथ सिपाही संतोष कुमार व उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे। सरधुआ थाना पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित उदला उर्फ प्रधान उर्फ बृजेश पुत्र अमृतलाल निवासी जमौली मजरा भदेहदू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# अतीक का काफिला 30 मिनट रुका चित्रकूट पुलिस लाइन

## गाड़ी से उतारकर अतीक को ले गये प्रशासनिक भवन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माफिया डॉन अतीक अहमद को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उमेश पाल अपहरण मामले में सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद अतीक अहमद को प्रयागराज से साबरमती जेल भेजा जा रहा है। इसे यूपी पुलिस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में ले जा रही है। अतीक का काफिला जहां से गुजर रहा है, उन जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को देर रात अतीक अहमद का काफिला 9.42 पर चित्रकूट सीमा में पहुंचा। बरगढ़, मऊ, लालता रोड, रैपुरा होते हुए



अतीक को चित्रकूट पुलिस लाइन में रात 10.45 बजे लाया गया। 24 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के साथ अतीक को उसकी गाड़ी से उतारकर पुलिस लाइन में बने प्रशासनिक भवन ले गए। पुलिस लाइन में लगभग 30 मिनट अतीक अहमद का काफिला रुका रहा। इसके बाद यहां से रवाना हुआ। 11.20 बजे कर्वी जिला मुख्यालय पहुंचा। जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर भरतकूप से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर चढ़ेगा।

अतीक अहमद को लेकर सभी जिलों की पुलिस को हाई अलर्ट किया गया है। जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस काफिले के बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी से शिवपुरी होते हुए राजस्थान से होकर अहमदाबाद की साबरमती जेल पहुंचने की संभावना है। हालांकि पुलिस इस रुट को बदल भी सकती है।

# तैयारी करने वाले बच्चों की बनायें सूची: डीएम

## लठा गुठऊपुर में पुस्तकालय का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने पहाड़ी ब्लाक के अर्जुनपुर गांव के मजरा लठा गुठऊपुर में डॉ भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन में स्थापित पुस्तकालय का फीता काटकर शुभारंभ किया।

बुधवार को जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा व जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि पुस्तकालय में और किताबें रखने की व्यवस्था की जाये। रखरखाव को अलमारी की व्यवस्था करें। प्रधान व पंचायत सहायक से कहा कि पुस्तकालय संचालन की उनकी जिम्मेदारी है।




बच्चों को अच्छी शिक्षा देने को यहां पढ़ने को प्रेरित करें। पंचायत सहायक को निर्देश दिए कि गांव के जो भी बच्चे तैयारी कर रहे हैं, उनकी सूची बनायें और उन्हें पुस्तकालय में लाकर बतायें कि कैसे तैयारी की जाती है।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में किताबों का रजिस्टर बनाकर सभी किताबों का अंकन किया जाए। एक पुस्तकालय की मुहर भी बनवाकर सभी पुस्तकों में लगाई जाए। इस मौके पर डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रूपनारायण, प्रधान मुन्नी देवी, सचिव राम भरोसे, सचिव मोहनलाल सिंह, जय प्रकाश सिंह, अनिल सिंह, कमल सिंह तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

# फिजीशियन के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि के डीएम ने दिये निर्देश

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारी से कहा कि वीएचएसएनडी दौरान क्षेत्र का भ्रमण करें। जो ड्यूलिस्ट में बच्चे अंकित हैं उनका मिलान कराकर टीकाकरण कराएं। कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि रामनगर, राजापुर में सिजेरियन शुरू करायें। वहां मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सर्जन की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी भी लगाए। टेलीमेडिसिन सभी जगह क्रियाशील होकर कंप्यूटराइज ओपीडी पर्चे बनाए जाएं। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर भी व्यवस्था लागू की जाये। सभी जगह कंप्यूटर सिस्टम है, उसका प्रयोग करें। हेल्थ एटीएम का भी संचालन सही ढंग से कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि अगली बैठक में इसकी रिपोर्ट पेश करें। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह चालू हालत में रहे। एक पैरामेडिकल भी



लगायें। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, उपकेंद्रों पर विद्युत कनेक्शन कराने की सूची मुख्य विकास अधिकारी को दें। एनएचएम से संविदा पर चिकित्सक भर्ती को शासन से पत्राचार करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में पोषण पुनर्वास केंद्र खुल गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दें कि अपने क्षेत्र के सैम बच्चों को भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद को निर्देश दिये कि जिला अस्पताल में रहकर कार्य करें। खुद के क्लीनिक में कार्य करेंगे तो कडी कार्यवाही की जायेगी। सीएमएस से कहा कि इन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये। कार्यों में सुधार न होने पर इनके खिलाफ शासन से हटाने की कार्यवाही की जाये।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, डीपीओ मनोज कुमार, एसीएमओ डॉ इम्तियाज, सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नेपाल में पशुपतिनाथ क्षेत्र में प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**काठमांडू।** नेपाल के पवित्र तीर्थस्थल पशुपतिनाथ में प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आज बुधवार को पशुपति क्षेत्र विकास कोष ने अधिसूचना जारी कर प्लास्टिक पर प्रतिबंध की जानकारी दी। पवित्र पाशुपत क्षेत्र प्लास्टिक सामग्री से अधिक गंदा दिखने के कारण कोष ने ऐसी सामग्री पर प्रतिबंध लगा दिया। कोष ने 'स्वच्छ पशुपति साफ पशुपति' अभियान की जानकारी देते हुए अभियान को सफल बनाने का भी अनुरोध किया है। नेपाल में 'स्वच्छ पशुपति साफ पशुपति' अभियान को राष्ट्रीय गौरव की परियोजना के रूप में वर्णित किया गया है। दुनिया भर के हिंदुओं के पवित्र तीर्थस्थल पशुपतिनाथ में साफ-सफाई की कमी का मुद्दा उठाया जा रहा है। पशुपतिनाथ बागमती नदी के तट पर स्थित है। नदी दस साल से दूषित होने के बावजूद साफ नहीं हुई है।

## पाकिस्तान के आटा वितरण केंद्रों में भगदड़, दो की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के कई शहरों में आटा वितरण केंद्रों पर मची भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक बुजुर्ग महिला है। इन दिनों रमजान की वजह से हुकूमत इन केंद्रों के माध्मय से अवाम को मुफ्त आटा बांट रही है। इस भगदड़ में 45 महिलाओं समेत 56 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साहिवाल, बहावलपुर, मुजफ्फरगढ़ और ओकरा जिलों में मंगलवार को मुफ्त आटा केंद्रों में उमड़ी भीड़ मरने-मारने पर आमादा हो गई। इस दौरान कई केंद्रों में भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में कुचले जाने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने भगदड़ की जांच कराने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मुल्तान, मुजफ्फरगढ़ और फैसलाबाद शहरों में मुफ्त आटा लेने के प्रयास में चार बुजुर्गों की मौत हो चुकी है।



## यूनान पर आतंकी हमले की साजिश में पाकिस्तान के दो नागरिक गिरफ्तार

**एथेंस।** यूनान में पाकिस्तान के दो नागरिकों को आतंकी हमले की साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इनकी गिरफ्तारी यूनान पुलिस ने इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद की मदद से मंगलवार को की। मोसाद ने आगाह किया था कि ये दोनों यूनान में इजरायली और यहूदियों से जुड़े प्रतिष्ठानों पर कभी भी हमला कर सकते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने दावा किया है कि गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी नागरिक ईरानी आतंकवादी नेटवर्क का हिस्सा हैं।

## अमेरिका ने भारतीय राजनयिक मिशन पर हिंसा की निंदा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने भारतीय राजनयिक मिशन पर हुई हिंसा की घटनाओं की निंदा की है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदर्शन के रूप में हिंसा कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका विएना दायित्वों के अनुरूप राजनयिकों की सुरक्षा करने के लिए संघीय, राज्य एवं स्थानीय कानून प्रवर्तन प्राधिकारियों के समन्वय से सभी ठोस कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। पटेल ने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन और सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ संबंधी सवाल पर यह प्रतिबद्धता दोहराई।

## टेक्सास विश्वविद्यालय ने नवीन जिंदल को पुरस्कृत किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डलास स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय ने अपने पूर्व छात्र और भारतीय उद्योगपति नवीन जिंदल को पुरस्कृत किया है। उन्हें उद्योग, राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। टेक्सास विश्वविद्यालय के 1992 बैच के पूर्व छात्र जिंदल को 25 मार्च को आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि नोबेल विजेता अजीज सैंकर के बाद टेक्सास विश्वविद्यालय से यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिंदल दूसरे व्यक्ति हैं।

## स्कूल में फायरिंग करने वाले शूटर ने खरीदे थे सात हथियार, तीन का इस्तेमाल कर सात को मार डाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नैशविल क्रिश्चियन स्कूल में हुई गोलीबारी के मामले में नया खुलासा हुआ है। मालूम चला है कि शूटर ने इसके लिए कानूनी तौर पर सात हथियार खरीदे थे और इनमें से तीन का इस्तेमाल स्कूल पर हमला के लिए किया। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई थी।

मेट्रो नैशविले पुलिस विभाग के प्रमुख जॉन ड्रेक ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हथियार पांच अलग-अलग स्थानीय गन स्टोर से खरीदे गए थे और कानूनी रूप से खरीदे गए थे। जॉन ड्रेक ने बताया कि आरोपी 28 वर्षीय आड्रे हेल ने खुद को ट्रांसजेंडर बताया है। हालांकि आरोपी के लिंक्डइन पेज पर लिंग के तौर पर पुरुष का उल्लेख किया गया है। हेल ने खुद



को ग्राफिक डिजाइनर बताया था। पुलिस ने कहा कि अभी उनके पास हमले का मकसद नहीं है।

**सात लोगों की हो गई थी मौत, पुलिस ने हमलावर को भी मार गिराया**

घटना नैशविल क्रिश्चियन स्कूल की है। यहां हमलावर ने एक साइड दरवाजे के प्रवेश द्वार के माध्यम से स्कूल की इमारत में प्रवेश किया। उसे दूसरी मंजिल पर पुलिस ने घेरा। जवाबी कार्रवाई में उसे ढेर कर दिया गया।

**क्या था पूरा घटनाक्रम?**

सैक्रामेंटो काउंटी के शेरिफ के प्रवक्ता अमर गांधी ने कहा कि शूटिंग की यह घटना नफरती अपराध से नहीं जुड़ी है, क्योंकि गोलीबारी में शामिल तीनों लोग परिचित थे। उन्होंने बताया कि किसी बात को लेकर पहले दो लोगों में हाथापाई हुई थी। इसके बाद एक संदिग्ध ने अपनी बंदूक निकाल ली और लड़ाई में शामिल दूसरे व्यक्ति के दोस्त को गोली मार दी। इसके बाद जिस व्यक्ति को गोली नहीं लगी थी, उसने बंदूक निकालकर पहले शूटर पर गोलियां दाग दीं और मौके से भाग निकला।

## सत्तारूढ़ गठबंधन का मंत्रिमंडल विस्तार गुरुवार को किए जाने का दावा

**काठमांडू।** नेपाल में कल गुरुवार को मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां की जा रही हैं। उसके लिए आज बुधवार सुबह हुई सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक में इस पर गंभीर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि आज दोपहर 03 बजे फिर बैठक होगी। बैठक में शामिल नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक ने दावा किया कि मंत्रिमंडल का विस्तार गुरुवार तक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात पर चर्चा हुई कि दो चरणों में मंत्रिमंडल का पुनर्गठन किया जाएगा। बैठक में भी 10 पार्टियों के बीच मंत्रियों और मंत्रालयों की संख्या को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकला। लेखक ने बताया कि आज दोपहर 03 बजे दोबारा बैठक होगी । सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक हुई थी। लगातार मुलाकातों के बावजूद बातों पर सहमति नहीं बन सकी। सत्ता संतुलन में बदलाव के बाद पिछले एक महीने से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड 16 मंत्रालय खुद संभाल रहे हैं। अधिक मंत्रालयों की मांगों के कारण गठबंधन दल किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं।



## चीन की चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका ने बढ़ाया रक्षा खर्च, 69 लाख करोड़ का बजट किया पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन का कहना है कि चीन की चुनौती को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2024 के बजट में रक्षा मद में खर्च में बढ़ोतरी की गई है। बता दें कि अमेरिका ने अपने बजट में रक्षा क्षेत्र पर खर्च करने के लिए 69 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि चीन की चुनौती से निपटने के साथ ही हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में सैन्य ताकत बढ़ाने और अमेरिका के सहयोगियों के साथ ज्यादा युद्धाभ्यास करने पर भी फोकस रहेगा।

**हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र और चीन की चुनौती से निपटने पर फोकस**

वित्तीय वर्ष 2024 के बजट का फोकस हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा और चीन की चुनौती से निपटने पर है। बता दें कि इस क्षेत्र के लिए अमेरिका ने रक्षा बजट में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए 9.1 बिलियन डॉलर तय किया है। यह इस क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अब



तक का सबसे बड़ा बजट है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस बजट की तीन प्राथमिकताएं हैं, जिनमें राष्ट्र सुरक्षा, सैनिकों और उनके परिवारों की देखभाल और सहयोगी देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर जोर है। बता दें कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में चुनौती बढ़ रही है। यही वजह है कि अमेरिका इस क्षेत्र में स्थित देशों से लगातार सहयोग बढ़ा रहा है।

**पिछले साल के मुकाबले 13 फीसदी की बढ़ोतरी**

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि यह रणनीतिक बजट है और चीन की पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की चुनौती को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया गया है। बीते साल के के मुकाबले अमेरिका ने अपने रक्षा बजट में 13.4 प्रतिशत का इजाफा किया है। वहीं साल 2023 के मुकाबले बजट में तीन फीसदी का इजाफा किया गया है।

**इन मद में खर्च करेगा अमेरिका**

कुल रक्षा बजट में से 170 बिलियन डॉलर सेना के लिए नए हथियार और अन्य साजो-सामान खरीदने में खर्च किए जाएंगे। 61 बिलियन डॉलर क्र21 रेडर पर खर्च किए जाएंगे। वहीं 48 बिलियन डॉलर अमेरिकी नौसेना के लिए नौ युद्धक पोत के निर्माण में खर्च किए जाएंगे। 37.7 बिलियन डॉलर परमाणु हथियारों की कमांड, कंट्रोल और कम्युनिकेशन पर खर्च होंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि अमेरिकी सेना अकेले नहीं लड़ती इसलिए हमारे लिए सहयोगी देश अहम हैं और बजट में इसका पूरा ध्यान रखा गया है। फिलिपींस के साथ सहयोग बढ़ाया जाएगा और जापान भी अपने रक्षा खर्च को बढ़ा रहा है।,चस के द्वारा भी ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ाया जाएगा।

**सैनिकों के परिवारों के कल्याण पर जोर**

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि हालिया बजट सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण पर भी फोकस करता है। सैनिकों के आवास भत्ते में इजाफा, सैनिकों के आवासों को बेहतर बनाने, सैनिकों के बच्चों से जुड़ी सुविधाओं को बेहतर करने और उनकी उच्च शिक्षा के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। सैनिकों में यौन शोषण और आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए भी कदम उठाए गए हैं।

## अमेरिका ने भारतीय दूतावास पर हुए खालिस्तानी हमले को लेकर कही ये बड़ी बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा है कि राजनयिक मिशनों और राजनयिकों की सुरक्षा के लिए सभी उचित कदम उठाने के लिए अमेरिका प्रतिबद्ध है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए पटेल ने संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय राजनयिक सुविधाओं पर हिंसा की घटनाओं की निंदा की। कहा कि हिंसा कभी भी विरोध का स्वीकार्य रूप नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, 'हमारे वियना कन्वेंशन दायित्वों के अनुरूप, विभाग संघीय, राज्य और स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ समन्वय सहित सभी उचित कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इन सुविधाओं और उनके भीतर काम करने वाले राजनयिक व्यक्तियों की सुरक्षा और सुरक्षा की रक्षा की जा सके।'

पटेल वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के बाहर हिंसक विरोध और सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वेदांत पटेल ने कहा, 'हम हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय राजनयिक सुविधाओं पर विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं की निंदा करते हैं। हम प्रदर्शनकारियों के प्रथम संशोधन अधिकारों और मुक्त भाषण गतिविधियों में संलग्नता का समर्थन करते हैं। हालांकि, हिंसा या हिंसा का खतरा कभी भी विरोध के रूप में स्वीकार्य रूप नहीं है।' उन्होंने कहा, 'पत्रकारों के खिलाफ हमले कभी भी स्वीकार्य नहीं हैं और हम सिर्फ अपना काम कर रहे मीडिया के किसी सदस्य के खिलाफ हिंसा की किसी भी घटना और किसी भी राजनयिक सुविधा के खिलाफ हिंसा या तोड़फोड़ की किसी भी घटना की निंदा करते हैं।' बता दें कि पिछले हफ्ते, खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने यहां भारतीय दूतावास के सामने विरोध प्रदर्शन किया और हिंसा भड़काने की कोशिश की थी। यहां तक कि भारतीय राजदूत को धमकी भी दी, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समय पर हस्तक्षेप ने उन्हें संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से रोक दिया। कुछ दिन पहले खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किया था। भारत ने इस घटना पर नई दिल्ली में अमेरिकी प्रभारी डी' एफ़ेयर के साथ अपना 'कड़ा विरोध' दर्ज किया और अमेरिकी सरकार से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उचित उपाय करने को कहा था।

## इजराइल में न्यायिक सुधार योजना स्थगित, कम हुआ तनाव

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा इजराइल में विवादित न्यायिक सुधार योजना स्थगित किए जाने के बाद देश में तनाव कम हो गया है। साथ ही विपक्षी पार्टियों ने बातचीत के लिए मंगलवार से दलों का गठन शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि नेतन्याहू की न्यायिक सुधार योजना का देश में अभूतपूर्व तरीके से विरोध हो रहा था और लोगों के सड़कों पर उतरने के कारण गृह युद्ध की स्थिति बनने लगी थी। न्यायिक सुधार की योजना के खिलाफ पिछले तीन महीनों से हो रहा प्रदर्शन इस सप्ताह बहुत तेज हो गया, इजराइल के मुख्य ट्रेड यूनियन ने आम हड़ताल की घोषणा कर दी जिसके कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देश के ज्यादातर हिस्से बंदी की चपेट में आ गए, यहां तक कि अर्थव्यवस्था के ठप होने का खतरा मंडराने लगा था। नेतन्याहू ने रात अपने भाषण में स्वीकार किया कि देश में विभाजन की बातें उड़ रही हैं और इस कानून को लाने में एक महीने की देरी करने की घोषणा की। हालांकि, उसके कुछ ही घंटों के भीतर विश्लेषकों ने कहा कि शनिवार की रात रक्षा मंत्री को पद से बर्खास्त किए जाने के बाद से हंगामा बढ़ा है और नेतन्याहू की लोकप्रियता उनकी अपनी लिकुड पार्टी में भी कम हो गई है। इन घटनाओं के कारण सबसे लंबे समय तक इजराइल का शासन चलाने वाले नेतन्याहू के पास ज्यादा विकल्प नहीं बचे हैं।

## म्यांमार में जुंटा की कार्रवाई, सू-की के दल नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी को किया भंग

**बैंकॉक ।** म्यांमार की पूर्व नेता आंग सान सू-की की अपदस्थ सत्ताधारी पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) सहित 40 राजनीतिक दलों को मंगलवार को भंग कर दिया गया। इन दलों ने सेना के राजनीतिक प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए कराए जा रहे आम चुनाव के लिए तय समय सीमा के भीतर [illegible] कतई स्वीकार नहीं है, जब कई राजनीतिक नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को



गिरफ्तार किया गया है। सेना द्वारा जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। बता दें, नवंबर 2020 में हुए म्यांमार के संसदीय चुनावों में एनएलडी ने जीत हासिल की थी। लेकिन तीन महीने से भी कम समय के बाद म्यांमार की सेना ने तख्तापलट कर आंग सान सू की को कैद कर लिया था। म्यांमार की सेना ने तख्तापलट को सही ठहराते हुए कहा था कि चुनाव में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी हुई थी। हालांकि, स्वतंत्र चुनाव पर्यवेक्षकों को कोई बड़ी अनियमितता नहीं मिली थी।

**आलोचकों ने आगामी आम चुनाव को ढोंग करार दिया**

एनएलडी उन दर्जनों पार्टियों में शामिल है, जिनके पास पिछले दशक में संसदीय सीटें थीं। सेना के 2021 के तख्तापलट और अपने विरोधियों पर कार्रवाई से ये दल बुरी तरह कमजोर हुए हैं। कई पार्टियां चुनाव लड़ने में असमर्थ या अनिच्छुक हैं। आलोचकों ने आगामी आम चुनाव को ढोंग करार दिया है। सू की समेत उनकी पार्टी के कई नेता इस समय जेल में बंद हैं।

**संयुक्त राष्ट्र ने म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली की मांग की**

वहीं, सू-की की पार्टी को भंग किए जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने म्यांमार के सैन्य शासकों से आंग सान सू-की को रिहा करने के लिए भी कहा। एनएलडी को भंग करने के पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह लोकतंत्र की बहाली के खिलाफ एक और कदम है।

## जेलेंस्की का युद्ध के अग्रिम पंक्ति के क्षेत्रों का दौरा जारी

**कीव/ओख्तिरका।** रूस के बड़े पैमाने पर हमलों के बावजूद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को देश के उत्तरी हिस्से में स्थित सुमी क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि उनका देश रूस को जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

रूस की सीमा से लगने वाले क्षेत्र के दो शहरों में जेलेंस्की ने अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात की। एक साल पहले रूस के साथ शुरू हुई लड़ाई के बाद इस क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर रूसी सेना का कब्जा हो गया था। रूस ने पिछले साल अप्रैल की शुरूआत में इस इलाके को खाली कर दिया था। जेलेंस्की ने सुमी क्षेत्र के ओख्तिरका शहर का दौरा किया। इस क्षेत्र में पिछले साल यूक्रेन और रूस की सेना के बीच जबरदस्त लड़ाई देखी गई थी लेकिन इस पर रूसी कब्जा नहीं हो सका था। इसके अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति ट्रोस्टियानेट्स भी गए थे, जहां रूस की सेना ने कब्जा कर लिया था, लेकिन यूक्रेन की सेना ने 26 मार्च 2022 को इसे आजाद करा लिया।

जेलेंस्की ने पिछले सात दिनों में इससे पहले खेरसॉन और खारकीव क्षेत्र का दौरा किया था। इसके कुछ हिस्से पर रूस की सेना का कब्जा हो गया था, जिसे यूक्रेन की सेना ने पिछले साल वापस ले लिया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति का दौरा लगातार जारी है और वह जपोराजिया भी गए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि रूस की ओर से मंगलवार को किए गए ताजा हमले में कम से कम तीन नागरिकों की मौत हो गई जबकि 43 अन्य घायल हो गए। यह हमला ड्रोन, ग्लाइडिंग बम और तोप से किया गया था। पूर्वी दोनेत्सक क्षेत्र में रूस की गोलाबारी ने 12 शहरों एवं गांवों को निशाना बनाया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 34 अन्य घायल हो गए। इसके अलावा अन्य शहरों को भी निशाना बनाया गया। ओख्तिरका में जेलेंस्की ने लोगों के एक समूह को संबोधित करते हुए वादा किया कि लड़ाई से प्रभावित शहर का पुनर्निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम अपने देश के किसी भी हिस्से पर कोई जख्म नहीं रहने देंगे। ट्रोस्टियानेट्स में स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जेलेंस्की ने सैनिकों को सम्मानित किया, जहां अधिकारियों ने बताया कि रूसियों ने कैदियों को प्रताड़ित किया है। जेलेंस्की ने यूक्रेन के पुनर्निर्माण मंत्री अलेक्सांद्र कुब्राकोव से भी मुलाकात की।

लड़ाई के कारण शहर के कई इमारत क्षतिग्रस्त अथवा ध्वस्त हो गए हैं, जिनकी दीवारें टूट गई हैं और छतों में सुराख बन गया है। इससे पहले जर्मनी ने कहा था कि इसने यूक्रेन को 18 लैपर्ड टू टैंक दिया है, जिसे देने का उसने वादा किया था। ब्रिटेन, पोलैंड, कनाडा, नार्वे ने भी टैंक भेजे हैं, जिसे देने का इन देशों ने वादा किया था।

रूस का हमला जारी है और यूक्रेन की सेना रूस को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। इस बीच दनिप्रो में अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन में स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास लड़ाई तेज हो गई है और इस क्षेत्र में युद्ध से संबंधित परमाणु दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है।

आईएईए के निदेशक जनरल राफेल मरियानो ग्रोसी ने एक साक्षात्कार में कहा कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्रके इलाके में संघर्ष बढ़ा है। सक्रिय युद्ध का एक बढ़ा हुआ स्तर है। उन्होंने कहा, वहां मेरी टीम रोजाना हमलों, भारी हथियारों की आवाजों के बारे में रिपोर्ट करती हैं। यह व्यावहारिक रूप से स्थिर है।

संयंत्र का दौरा करने के लिए दूसरी बार अग्रिम क्षेत्र पार करने से एक दिन पहले ग्रोसी ने कहा कि उन्होंने महसूस किया कि इसकी सुरक्षा के उद्देश्य से बातचीत को तेज करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और कहा कि आने [illegible]

## शेयर ब्रोकर की धोखाधड़ी पर लगाम लगाने को नियम बनाएगा सेबी

**नई दिल्ली/मुंबई।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बाजार व्यवस्था एवं कंपनी संचालन को और बेहतर बनाने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूदी दी है। सेबी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है, उनमें लोगों के सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशक मंडल में स्थायी रूप से बने रहने की परंपरा को समाप्त करने तथा शेयर ब्रोकरों की धोखाधड़ी पर लगाम लगाने को लेकर नियम शामिल हैं।

बाजार नियामक सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बुधवार को यह जानकारी दी। बुच ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सेबी निदेशक मंडल की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए बुच ने कहा कि नियामक अडाणी हिंडनबर्ग प्रकरण पर टिप्पणी नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हम कोर्ट में विचाराधीन मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। सेबी चेयरपर्सन ने बताया कि बाजार नियामक ने निजी इक्विटी कोष को म्यूचुअल फंड का प्रायोजक बनने की नियामकीय रूपरेखा को भी मंजूरी दी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।